दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण



बुद्ध पूर्णिमा आज

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-78 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 01 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## मप्र के जबलपुर में बरगी डैम में डूबा पर्यटकों से भरा क्रूज, छह शव बरामद, रेस्क्यू जारी



जबलपुर, (ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम को तेज आंधी-तूफान के चलते पर्यटकों से भरा एक क्रूज खमरिया टापू के पास पानी में डूब गया। खबर लिखे जाने तक 6 शव बरामद किए गए हैं, जबकि 18 को सुरक्षित बचा लिया गया है। अबी 15 से ज्यादा लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।दरअसल, गर्मी के मौसम में शाम को लोग बरगी डैम घूमने जाते हैं। गुरुवार शाम को अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान पर्यटकों से भरा एक क्रूज खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्रूज में 40 से अधिक लोग सवार थे। सूचना मिलते ही बरगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।बरगी सिटी पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अंजुल अयंक मिश्रा ने छह शव निकाले जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एमपी टूरिज्म के क्रूज में 40 से 45 लोग सवार थे। अचानक आई आंधी के कारण ये हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आ रही है। हालांकि बड़ी टॉर्च का इस्तेमाल करके लोगों की तलाश की जा रही है।लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने हादसे को बेहद पीड़ादायक बताया। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रशासन की पहली प्राथमिकता लापता लोगों को खोजना और सुरक्षित बचाना है। हादसे की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौके पर तैनात हैं और लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

### मुख्यमंत्री ने जबलपुर क्रूज हादसे को बताया पीड़ादायक, दिवंगत के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता

भोपाल(निप्र)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार शाम को जबलपुर में तेज आंधी-तूफान के कारण बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा पीड़ादायक है। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को तत्काल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर संभाग प्रभारी एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस हादसे में दिवंगत नागरिकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

### अमेरिका ने भारत को लौटाई 133 करोड़ रुपये कीमत की 657 प्राचीन वस्तुएं

नईदिल्ली,(आरएनएस)। अमेरिका ने भारत को 657 प्राचीन और ऐतिहासिक वस्तुएं और मूर्तियां लौटाई हैं। इनकी कीमत करीब 133 करोड़ रुपये है। इसकी घोषणा मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने की। इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की दूत राजलक्ष्मी कदम की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत को सौंपा गया। इन्हें अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह कई सालों तक तस्करी कर अमेरिका ले गए थे। आइए भारत को मिली वस्तुओं-मूर्तियों के बारे में जानते हैं।लौटाई गई वस्तुओं में अवलोकितेश्वर की 19 करोड़ रुपये मूल्य की एक कांस्य प्रतिमा है। ये शेरों के सिंहासन पर द्वि-कमल आसन पर विराजमान है। यह प्रतिमा 1939 में छत्तीसगढ़ के लक्ष्मण मंदिर के पास मिली कांस्य प्रतिमाओं के एक बड़े भंडार का हिस्सा थी और 1952 तक रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के संग्रह में थी। 1982 में इसे तस्करी कर अमेरिका ले जाया गया। 2014 के अंत तक ये न्यूयॉर्क में एक निजी संग्रह में पहुंच गई।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**खरगोन जिले के कतरगांव और शाजापुर के ग्राम मकोड़ी के गेहूँ उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण**

**मुख्यमंत्री ने कतरगांव के कृषक श्री पाटीदार को सौंपी अनाज खरीदी पावती**



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को खरगोन जिले में मंडलेश्वर तहसील के कतरगांव और शाजापुर जिले के ग्राम मकोड़ी में गेहूँ उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और मंडी सचिव को निर्देशित किया कि गेहूँ उपार्जन से संबधित सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे निरंतर आकस्मिक दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कतरगांव में कृषकसुरेश पाटीदार की 55 क्विंटल गेहूँ की खरीदी के बाद ई-उपार्जन पोर्टल पर श्री पाटीदार को प्राप्ति ऑनलाइन जनरेट करवाई और कृषक को भुगतान राशि 1 लाख 44 हजार 374 रूपये का प्राप्ति पत्र सौंपा।

### निर्देशों का पालन करें सुनिश्चित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को महेश्वर में रात्रि विश्राम के बाद आज खरगोन जिले में कतरगांव गेहूँ उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और मंडी सचिव को निर्देशित किया कि उपार्जन/खरीदी केंद्रों पर पूरे 6 तौल कांटे लगाए जाएं। सभी 6 तौल कांटों पर निरंतर तुलाई कार्य चलता रहे। गेहूं खरीदी के आज से नए मापदंड जारी हुए है वह लागू हो जाएं। किसानों के लिए उपार्जन/खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त छाया और शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक अन्नदाता को सम्मान और सुविधा के साथ उपज का उचित मूल्य दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए। किसानों की उपज की तुलाई समय पर हो सके इसके लिए पर्याप्त संख्या में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, स्लॉट बुकिंग हेतु कंप्यूटर, नेट कनेक्शन, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर हमेशा उपलब्ध रहें। उन्होंने उपार्जन केंद्र पर कृषकों की सुविधा के लिए पेयजल, टेंट, बैठक, इत्यादि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए।

### नेपाल एयरलाइंस ने अपने नेटवर्क नक्शे में जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया, मांगनी पड़ी माफी



नईदिल्ली,(आरएनएस)। नेपाल की सरकारी विमानन कंपनी नेपाल एयरलाइंस ने अपने नेटवर्क के नक्शे में जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने पर माफी मांगी है। एयरलाइंस ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि वह नेटवर्क मैप में हुई त्रुटि के लिए पूरी ईमानदारी से क्षमा प्रार्थी है और यह गलती नेपाल या नेपाल एयरलाइंस के आधिकारिक रुख को नहीं दर्शाती है। बता दें कि एयरलाइंस का नक्शा सामने आने के बाद वैश्विक स्तर पर विरोध शुरू हो गया था।बुधवार को नेपाल एयरलाइन के सोशल मीडिया एक्स पर एक रूट नेटवर्क मैप साझा किया था, जिसमें बताया गया था कि उसकी का नेटवर्क किन-किन देशों और शहरों तक है। इस मैप में भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेशों को पाकिस्तान के क्षेत्र के रूप में दिखाया गया था। जैसे ही यह तस्वीर सोशल मीडिया पर आई, देखते ही देखते वायरल हो गई। भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसकी कड़ी आलोचना शुरू कर दी।

नेपाल एयरलाइंस ने घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, हाल ही में साझा किए गए नेटवर्क मैप में हुई गलती के लिए हम दिल से माफी मांगते हैं। मैप में अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में कार्टोग्राफिक में बड़ी गलतियां थीं जो नेपाल या नेपाल एयरलाइंस के आधिकारिक रुख को नहीं दिखाती। हमने तुरंत पोस्ट दी। हम इस इलाके में अपने पड़ोसियों के साथ अपने मजबूत रिश्तों को महत्व देते हैं।

### *बिरयानी-तरबूज मामलाः बाजार से तरबूज गायब, दुकानदार बेचने से भी डर रहे*



*एफडीए टीम बाजार में लगातार कर रही छापेमार कार्रवाई, नहीं मिल रहा तरबूज*

*मुंबई,(ए.)। दक्षिण मुंबई के पाइधोनी इलाके में बाजार से तरबूज पूरी तरह से गायब हो गया। इस इलाके में हाल ही में बिरयानी के साथ तरबूज खाने से एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद जांच के लिए पाइधोनी इलाके में खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम पहुंची थी। इस मामले में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब एफडीए की टीम बाजार में जांच करने पहुंची लेकिन उसे इलाके में एक भी तरबूज बेचने वाला नहीं मिला और न ही किसी फल की दुकान पर तरबूज देखने को मिला।*



## नाबालिग के गर्भपात पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- पढ़ने की उम्र में मां बनाने पर तुले

नईदिल्ली,(आरएनएस)। एक बलात्कार पीड़िता नाबालिग की गर्भावस्था खत्म करने से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि यह एक बच्ची के साथ हुए बलात्कार का मामला है और पीड़िता को जिंदगी भर इसका जख्म झेलना पड़ेगा। ये मामला 15 वर्षीय बलात्कार पीड़िता से जुड़ा है, जो 30 हफ्ते की गर्भवती है। 24 अप्रैल को कोर्ट ने गर्भपात का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ एम्स दिल्ली ने दोबारा अपील की थी।कोर्ट ने कहा, अगर गर्भपात से मां को कोई स्थायी दिव्यांगता नहीं होती है, तो गर्भपात की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। यह एक बच्ची के साथ हुए बलात्कार का मामला है। पीड़िता को जिंदगी भर इसका जख्म झेलना पड़ेगा। जरा सोचिए, वह अभी एक बच्ची है। इस समय उसे पढ़ना चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनाना चाहते हैं। जरा उस दर्द और अपमान की कल्पना कीजिए, जो इस पूरी प्रक्रिया में बच्ची को झेलना पड़ा है।

## पवन खेड़ा की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस, मुख्यमंत्री सरमा के अपशब्दों का जिक्र



नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की जमानत याचिका को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान खेड़ा की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी और असम पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बीच तीखी बहस देखने को मिली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और एएस चंदुरकर की पीठ ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। खेड़ा ने कोर्ट को बताया कि उनकी गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं है।

खेड़ा ने कोर्ट को बताया कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां पर लगाए गए आरोपों के मामले में उनको गिरफ्तार करने की आवश्यकता नहीं है, उनको सरमा के खिलाफ बयान के कारण परेशान किया जा रहा है। असम पुलिस ने तर्क दिया कि खेड़ा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठे दावे करने के लिए पासपोर्ट सहित जाली दस्तावेज दिखाए थे और हिरासत से पता चलेगा कि उसके सहयोगी कौन थे और क्या इसमें विदेशी तत्व शामिल थे।

### एग्जिट पोल्स को सीएम ममता का ठेंगा, कहा- बंगाल में फिर मां, माटी व मनुष की सरकार

कोलकाता (आरएनएस)। बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तमाम एग्जिट पोल में भाजपा सरकार की बात कही जा रही है। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने आज विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल अनुमानों को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने मीडिया को पैसे देकर प्रचार-प्रसार में हेरफेर किया है। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने एक वीडियो संदेश प्रसारित कर उन्होंने अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की निर्णायक जीत पर दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और दावा किया कि पार्टी 294 सदस्यीय विधानसभा में 226 से अधिक सीटें जीतेगी। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने दावा किया कि, बंगाल में मां, माटी, मानुष की सरकार बनेगी।तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने उनकी ये टिप्पणी कई एग्जिट पोल के बाद आई है जिनमें अनुमान लगाया गया था कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है और संभवत: 148 सीटों का बहुमत हासिल करके सरकार बना सकती है।

### *सड़क हादसा : कटनी में 4 लोगों की दर्दनाक मौत, कार में चिपक गए शव*





*कटनी ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के कटनी जिले में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे एक दर्दनाक स ड़ क हादसा हो गया। जहां ए क अनियंत्रित हाईवा डंपर ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान तम दोड़ दिया। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का जिला अस्पताल कटनी में इलाज जारी है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। यह पूरी घटना बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसाडी के पास की है।जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर जिले के सगोरिया निवासी रघुवंशी परिवार के सदस्य एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बरही थाना क्षेत्र के पिपरिया कला खिरहनी गए थे। कार्यक्रम होने के बाद रात करीब 02ः00 बजे पांचों सदस्य- अनिल रघुवंशी, राकेश रघुवंशी, अरुण रघुवंशी, अभिषेक रघुवंशी और गजेंद्र रघुवंशी कार से वापस नरसिंहपुर के लिए रवाना हुए थे।*

## वैशारव माह की बुद्ध पूर्णिमा आज

### नर्मदा तट के घाटों पर लगेगा मेला, खूब होंगे भंडारे



नर्मदापुरम (निप्र)। वैशाख की बुद्ध पूर्णिमा आज है। स्नान पर्व का यह विशेष संयोग है। इस विशेष दिन पिछले एक माह से चल रहे वैशाख स्नान का समापन होगा। पं प्रवीण मिश्रा के अनुसार पूर्णिमा व अमावस्या विशेष स्नान पर्व होते हैं। इस पवित्र पर्व के दिन पवित्र नदियों के जल में स्नान करने का बड़ा पुण्य मिलता है। इस दिन गंगा, नर्मदा समेत अनेक पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं तांता लगेगा। नर्मदापुरम सहित अन्य अनेक स्थानों पर मेले लगेंगे। नर्मदा तट के घाटों पर लाखों का कारोबार हो जाता है। कई लोग दान.पुण्य के अवसर पर दान देकर पुण्य लाभ कमाते हैं। उन्होने बताया कि वैशाख पूर्णिमा पर यम की प्रसन्नता के लिए जलकुंभ का दान भी किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार जो लोग वैशाख स्नान नहीं कर पाए उन्हें माह के अंतिम दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन स्नानादि करके इसका पुण्य फल प्राप्त करना चाहिए। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म भी हुआ था इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। साथ ही इस दिन कूर्म जयंती भी मनाई जाती है। इस दिन लक्ष्मी प्राप्ति के भी अनेक उपाय किए जाते हैं और अकाल मृत्यु व रोगों से मुक्ति के लिए जलकुंभ का दान भी किया जाता है।

जल कुंभ के दान का महत्व

पं राजेंद्र पांडेय ने बताया कि वैशाख माह की अमावस्या व पूर्णिमा पर जल से भरे हुए मटके के दान का विशेष महत्व होता है। यमराज की प्रसन्नता के लिए यह दान बड़ा फलदायी होता है। इससे मनुष्य के संपूर्ण परिवार की अकाल मृत्यु, आकस्मिक घटना-दुर्घटना से सुरक्षा होती है। उन्होने बताया कि परिवार में कोई व्यक्ति अत्यंत बीमार है या मरणासन्न स्थिति में है तो उसकी रक्षा के निमित्त जलकुंभ का दान अवश्य करना चाहिए।





## 2028 और 2029 के चुनाव कराना हो सकता है मुश्किल!

### पड़ेगा शासकीय कर्मचारियों का टोटा, लगातार कम होते जा रहे कर्मचारी हर माह हो रही सेवानिवृत्ति, आउटसोर्स कर्मचारियों से ही कराना पड़ेगा काम

**बलराम शर्मा**

नर्मदापुरम। अब आने वाले वर्ष 2028 और 2029 में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव आने वाले हैं। जिनमें बड़ी संख्या में शासकीय कर्मचारियों का अमला लगता है। लेकिन सरकार के पास शासकीय कर्मचारियों को लगातार टोटा होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में आउटसोर्स कर्मचारियों से काम लेना पड़ेगा। हर माह की आखरी तारीख आने पर शासकीय विभागों में किसी न किसी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति हो रही है। विभागों के पास वैसे ही कर्मचारियों का टोटा बना हुआ है। इसके बाद हर माह और कम होते जा रहे हैं। 30 अप्रैल को ही कलेक्ट्रेट, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मंडी, नगर पालिका सहित अनेक विभाग में शिक्षक व अन्य स्टाफ की सेवानिवृत्ति हो गई। जिले में भी अनेक शासकीय कार्यालयों में विदाई का क्रम जारी रहा। जल संसाधन विभाग के दो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला से दो शिक्षकों की सेवानिवृत्ति हो गई जिससे उनके स्थान रिक्त हो गए। वन विभाग, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों में दर्जनों कर्मचारियों का आज विदाई समारोह किया गया। उन्हें उनके कार्यकाल में दी गई सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं। शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। उनके निवास तक जुलूश के साथ विदाई दी गई।

### नई भर्ती में की जा रही लेटलतीफी, शेष कर्मचारियों पर लादा जा रहा काम का बोझ

### 62 में हो रहे सेवानिवृत्त

शासकीय कर्मचारियों की आयु 62 वर्ष पूरी होने पर उन्हें विभाग की ओर से पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति एक शासकीय प्रक्रिया है। अपने जीवन के अनुभव से कनिष्ठों को लाभांवित करना चाहिए। समारोह में अनेक अधिकारी सहित स्टाफ के कर्मचारी और परिचित मौजूद रहे। सेवानिवृत्तत हुए कर्मचारियों ने कहा कि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हमें पूरा सहयोग किया।

### 60 से अधिक आयु नहीं होना चाहिए

अनेक सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का कहना है कि शासन स्तर से जो आयु 60 से बड़ाकर 62 की है यह बहुत गलत कदम है। सेवानिवृत्ती की उम्र नहीं बढ़ानी चाहिए नए युवकों को सेवा का मौका दिया जाना चाहिए जिससे वे पूरे जोश के साथ कार्य कर सकें। शासन के द्वारा आयु 60 से बढ़ाकर 62 करने का रवैया किसी भी तरह से ठीक नहीं है। उनके स्थान पर संविदा या इसी प्रकार की शासकीय सेवा की भर्ती शीघ्रता से की जानी चाहिए। जिससे आने वाले समय में शासकीय कर्मचरियों की कमी कम हो सके।

### 2026 जाते जाते सीनियर्स रह जाएंगे गिनती के

वर्ष 2026 के जाते जाते कार्यालयों में वरिष्ठ कर्मचारियों की बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति हो जाएगी। इस कारण कलेक्टर, कमिश्नर कार्यालय सहित अन्य सभी कार्यालयों में सीनियर्स कर्मचारियों की संख्या गिनती की ही रह जाना है।



# भोपाल संभाग के जिला कलेक्टरों को शुचितापूर्ण और व्यवस्थित जनगणना के लिये निर्देश दिये : संभागायुक्त श्री सिंह


भोपाल (ए.)। भारत की जनगणना 2026-27 के अंतर्गत जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना का कार्य प्रारंभ हो गया है। संभागायुक्त भोपाल संजीव सिंह ने बताया कि एक मई से प्रारंभ होने वाले चरण में सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से भोपाल संभाग के सभी जिलों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। संभागायुक्त श्री सिंह द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को शुचितापूर्ण और व्यवस्थित जनगणना के लिये निर्देश दिये गये है।

भोपाल जिले के शहरी क्षेत्र को 25 चार्जों में बांटा गया है जिसमें चार्ज स्तर पर ही 5042 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के चार्जों में 907 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में 4 चार्ज बनाए गए हैं जिसमें बैरसिया नगर परिषद, बैरसिया ग्रामीण, हुजूर एवं कोलार शामिल है। इसके साथ ही उनके कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। इस दौरान घर की बनावट (छत, दीवार, फर्श), मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, और सुविधाओं (पानी, बिजली, शौचालय, वाहन) से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। मकानों की जियो-टैगिंग की जाएगी, जिससे सही डिजिटल मैपिंग हो सके। मकान सूचीकरण और आवास गणना 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक जारी रहेगी, जिसमें प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। भोपाल जिले में लगभग 6000 से अधिक कर्मचारी जनगणना का कार्य कराएंगे।

### रायसेन स्व-गणना में प्रदेश में अव्वल, 93 हजार से अधिक नागरिकों ने किया ऑनलाइन पंजीकरण

रायसेन जिला जनगणना-2027 की स्व-गणना में प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। 29 अप्रैल तक जिले में 93 हजार 779 नागरिकों ने स्व-गणना पूरी की है, जो राज्य में सर्वाधिक है। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में मिशन मोड में अभियान चलाया गया है, जिसमें अधिकारियों और मैदानी अमले की सक्रिय भागीदारी रही है।

### राजगढ़ में जनगणना तैयारियां तेज, हजारों प्रगणक



### तैनात और प्रशिक्षण पूर्ण

राजगढ़ जिले में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्य के लिए कुल 23 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें 9 ग्रामीण (तहसील स्तर) और 14 नगरीय स्तर के अधिकारी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 1723 ग्रामों में 2564 जनगणना ब्लॉक बनाए गए हैं, जबकि नगरीय क्षेत्र के 219 वार्डों में 479 ब्लॉक तैयार किए गए हैं। इस कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 2150 प्रगणक एवं 345 सुपरवाइजर तथा नगरीय क्षेत्र में 526 प्रगणक एवं 103 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। सभी प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को 1 अप्रैल से 23 अप्रैल के बीच तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। वहीं 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य किया गया है, जिसमें परिवार के मुखिया स्वयं या प्रगणक/अन्य लोकसेवक की सहायता से जानकारी दर्ज की गई हैं। अब तक जिले में 43,120 परिवारों द्वारा स्व-गणना पूर्ण की जा चुकी है, जिसके आधार पर जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। एक मई से 30 मई के बीच प्रगणक अपने-अपने आवंटित ब्लॉकों में भवन क्रमांक अंकित कर मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न करेंगे।

### विदिशा में जनगणना की तैयारियां पूरी, स्व-गणना में बढ़ा उत्साह

विदिशा जिले में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केंद्र में फील्ड मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 24 से 26 मार्च तथा द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 28, 29 और 30 अप्रैल को संपन्न हुआ। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना कर नागरिकों को प्रेरित किया और इसे सरल व सहज प्रक्रिया बताया। जिले की सभी तहसीलों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के लिए 18 चार्ज अधिकारी, 9 अतिरिक्त चार्ज गणना अधिकारी, 2878 एचएलबी, 361 सुपरवाइजर सर्कल, 57 फील्ड ट्रेनर्स, 2459 प्रगणक नियुक्त किए गए है। अनुमानित 2 लाख 99 हजार 676 मकानों का सूचीकरण किया जाएगा।

### सीहोर में मकान सूचीकरण के लिए 2400 से अधिक प्रगणक तैनात, प्रशिक्षण संपन्न

सीहोर जिले में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस कार्य के लिए कुल 19 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें 10 ग्रामीण (तहसील स्तर) और 9 नगरीय स्तर के अधिकारी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 1981 एवं नगरीय क्षेत्र में 424 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 1967 प्रगणक और 303 सुपरवाइजर तथा नगरीय क्षेत्र में 458 प्रगणक और 40 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। सभी प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को 11 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 के बीच तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना) का कार्य भी संचालित किया गया, जिसमें परिवार के मुखिया स्वयं या प्रगणक/अन्य लोकसेवकों की सहायता से अपनी जानकारी दर्ज कर दी गई हैं।

## इंदौर से वैश्विक बाजारों तक सीधी पहुंच, ई-कॉमर्स निर्यात में मध्यप्रदेश की मजबूत दस्तक

### मेड इन इंडिया' को मिल रही वैश्विक मांग, इंदौर बना ई-कॉमर्स निर्यात का नया केंद्र




भोपाल (ए.)। वैश्विक बाजारों में 'मेड इन इंडिया' उत्पादों की बढ़ती मांग के बीच मध्यप्रदेश के एमएसएमई और डी2सी ब्रांड्स अब सीधे अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। इसी दिशा में इंदौर में अमेज़न के ई-कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम अमेज़न ग्लोबल सेलिंग द्वारा एक्सपोर्ट हाट का आयोजन किया गया, जिसने उभरते उद्यमियों और निर्यातकों को वैश्विक व्यापार से जोड़ने का सशक्त मंच प्रदान किया।अमेज़न ग्लोबल सेलिंग द्वारा वर्ष 2015 से अब तक 2 लाख से अधिक भारतीय निर्यातकों को 20 बिलियन डॉलर से अधिक के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात तक पहुंचने में सहयोग दिया गया है। इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक निर्यातकों ने भागीदारी की, जिनमें भोपाल सहित आसपास के क्षेत्र के निर्यातक शामिल रहे। कार्यक्रम के माध्यम से एमएसएमई, डी2सी ब्रांड्स और टियर-2 शहरों के उद्यमियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिसमें निर्यात व्यवसाय की स्थापना, विस्तार, बाजार अवसरों की पहचान, लॉजिस्टिक्स, अंतर्राष्ट्रीय भुगतान और ई-कॉमर्स निर्यात से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं को शामिल किया गया। इस वर्ष अमेज़न ग्लोबल सेलिंग द्वारा तिरुपुर, करूर और ठाणे जैसे प्रमुख विनिर्माण केंद्रों में भी इसी प्रकार की पहलें आयोजित की जा रही हैं। इंदौर में आयोजित यह कार्यक्रम फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (एफआईईओ) के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसने क्षेत्र की बढ़ती निर्यात क्षमता को रेखांकित किया।

## एमडी ड्रग तस्करो को 10-10 साल का सश्रम कारावास, 1-1 लाख का जुर्माना



भोपाल(ए.)। एमडी ड्रग्स पाउडर की तस्करी के मामले में अदालत ने सुनवाई पूरी होने पर आरोपी का दोषी करार देते हुए 10 साल के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही एक-एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। यह निर्णय डॉ मुकेश मलिक चौबीसवें अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) की कोर्ट ने दिया है। संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया की 24 नवंबर 2024 को मुखबिर से सूचना मिली थी की एयरपोर्ट रोड गांधी नगर भोपाल क्षेत्र मे दो व्यक्ति एम डी ड्रग्स सप्लाई का काम करते है। थोडी देर बाद आरोपी ड्रग्स को अयोध्या नगर मे बल्क मात्रा मे सप्लाई करने वाले है। खबर मिलने पर नारकोटिक्स सेल के उपनिरीक्षक एवं उनकी टीम ने मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर काले रंग की अल्टो कार में सवार दो लोगो को रोक कर जॉच की। कार्यवाही के दौरान कार के डेशबोर्ड मे रखी प्लास्टिक की थैली मे एमडी ड्रग्स रखा मिला। आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला कायम कर जॉच के बाद कोर्ट ने अभियोग पत्र पेश किया गया। अदालत ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, तर्क और साक्ष्यो से समहत होते हुए आरोपी मोहसिन खान और आसिफ खान को धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट मे 10-10 साल का सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है।

## पुलिस विभाग में 2070 महिला आरक्षकों को दिये जायेंगे नियुक्ति पत्र


### जिला बल में 6800 पुलिस आरक्षकों की चयन प्रक्रिया पूर्ण

भोपाल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के पालन में पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी रिक्त पदों पर बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश पुलिस में वर्ष 2025 में आरक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से कराई गई है। पुलिस विभाग में जिला बल में 6800 पुलिस आरक्षकों की चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसमें पुलिस आरक्षकों के 2070 पदों पर महिलाओं का चयन किया गया है। चयनित पुलिस आरक्षकों को जिलें आवंटित कर पुलिस अधिक्षकों को पत्र जारी कर दिये गये हैं। वे नियुक्ति पत्र जारी कर नियुक्ति की कार्यवाई समय सीमा में पूर्ण करायेंगे।

## श्रम स्टार रेटिंग की अनूठी पहल को किया जाए प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*श्रमिकों के कल्याण के लिए केन्द्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध*

*27 हजार श्रमिक परिवारों के लिए 600 करोड़ रूपए की राशि की अंतरित*



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रमिकों के हित में केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं संचालित हैं। अब असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी संबल योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनमें विभिन्न प्रकार की उपभोक्ता सामग्री पहुंचाने वाले गिग वर्कर्स और प्लेटफार्म वर्कर्स को भी शामिल किया गया है। उन्होंने प्रदेश में 3529 गिक वर्कर्स को पहली बार योजना का लाभ प्रदान करने के लिये विभाग की सराहना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस क्षेत्र के पात्र श्रमिकों को पंजीकृत कर सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करवाना हम सभी का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालयीन बैठक कक्ष से सिंगल क्लिक द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 27 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के लिए 600 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित करते हुए ये बातें कहीं। इस अवसर पर श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी उपस्थित थे। राशि अंतरण के अवसर पर प्रदेश के जिलों में स्थित प्रशासनिक अधिकारी, श्रमिक भाई और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में श्रम स्टार रेटिंग की अनूठी पहल शुरू की गई है। इस व्यवस्था में औद्योगिक संस्थाओं द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रतिष्ठानों को श्रम स्टार रेटिंग के माध्यम से आंकलन कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे श्रम कानूनों का बेहतर पालन करने वाले औद्योगिक संस्थानों की विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। प्रदेश में 554 कारखानों ने स्वेच्छा से श्रम स्टार रेटिंग की व्यवस्था को अपनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रम विभाग, श्रम संगठनों के साथ ही नागरिकों का भी यह दायित्व है कि जिस प्रतिष्ठान से खरीदारी करते हैं, वहां श्रम स्टार रेटिंग की व्यवस्था लागू करने को प्रोत्साहित करें। ऐसे संस्थानों से उत्पाद क्रय करने और सेवाएं लेने को प्राथमिकता भी दी जाए जो श्रमिक भाइयों के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 4 नई श्रम संहिताओं का प्रावधान किया है। राज्य सरकार भी इन संहिताओं के अनुरूप नियम तैयार कर लागू करेगी। श्रमिक हित में लागू की गई केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों को दिलवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबल योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले 5 जिलों बालाघाट, धार, सागर, जबलपुर और खरगौन की तरह अन्य जिलों से भी श्रमिकों को अनुग्रह सहायता देने के कार्य में सक्रिय प्रदर्शन की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की श्रमिक हितैषी नीतियों में श्रम एवं पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने विश्वास व्यक्त कर श्रमिक कल्याण की प्राथमिकता के लिये आभार माना।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न, सामाजिक न्याय और संगठन सशक्तिकरण पर जोर




भोपाल(ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा, अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र पाल गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह, सज्जन सिंह वर्मा, कमलेश्वर पटेल, सुरेंद्र चौधरी और प्रदेश प्रभारी भगवती प्रसाद अहिरवार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने की। मुख्य अतिथि राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संगठन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय होने का आह्वान किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2028 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि संविधान देश के वंचित और दलित वर्ग की आशाओं का आधार है और इसकी रक्षा के लिए सतत संघर्ष जरूरी है।

## पुलिस मुख्यालय परिवार द्वारा 11 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

### पुलिस महानिदेशक ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित




भोपाल(ए.)। पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह अप्रैल में सेवानिवृत्त 11 कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने गुरूवार को भावभीनी विदाई दी। पुलिस महानिदेशक ने सभी को पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्वों (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गये।नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक योगेश चौधरी, विवेक शर्मा एवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त, कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्तव मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा अजय कुमार तुरकई, मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक योजना शाखा श्रीमती लता खट्टर, निरीक्षक अ.अ.वि. शाखा कैलाश नारायण भारद्वाज, कार्यवाहक निरीक्षक विशेष शाखा रामसनेही यादव, कार्यवाहक निरीक्षक विशेष शाखा केदारनाथ शर्मा, कार्यवाहक सूबेदार (एम) रिकार्ड शाखा नईमउद्दीन, उप निरीक्षक (तकनीकी) पुलिस आईटीआई शशिवीर सिंह सिसोदिया, उप निरीक्षक (तकनीकी) पुलिस आईटीआई रणजीत सिंह उप्पल, सहायक उप निरीक्षक (एम) शिकायत शाखा राजकुमार साहू, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक अ.अ.वि. चैनसिंह तथा कार्यवाहक प्रधान आरक्षक पीटीआरआई हाकिम सिंह को पुलिस मुख्यालय परिवार ने गुरूवार को भावभीनी विदाई दी।सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती इरमीन शाह ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों की मेहनत और लगन की सराहना की।

## भोपाल के ऋषिपुरम में शराब दुकान को लेकर विरोध तेज, रहवासियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल के अवधपुरी स्थित ऋषिपुरम इलाके में शराब दुकान की शिफ्टिंग को लेकर विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। स्थानीय रहवासी पिछले 26 दिनों से धरने पर बैठे हैं और अब उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि 5 दिन के भीतर दुकान नहीं हटाई गई, तो बड़ा और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।दरअसल, अवधपुरी स्थित 80 फीट रोड के पास पेट्रोल पंप पर शराब ठेका संचालित किया जा रहा है, जिसका रहवासी लगातार विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है और आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय निवासी रमन तिवारी के मुताबिक, लंबे समय से इस दुकान को हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

## भोपाल में नदियों के पुनर्जीवन की दिशा में बड़ा कदम

भोपाल(ए.)। भोपाल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान - 2026 के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की प्रमुख



नदियों—अजनाल नदी, हलाली नदी, पातरा, केरवा नदी एवं अन्य नदियों के पुनर्जीवन का कार्य प्राथमिकता के साथ प्रारंभ किया गया है। नदियों के सतत प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए उनसे जुड़े विभिन्न स्रोतों जैसे नालों एवं तालाबों के वेस्टवीयर (निकास बिंदु) की पहचान कर उनका सुधार एवं मुख्य धारा से पुन: जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।यह पहल जल संरक्षण के साथ-साथ भू-जल स्तर में वृद्धि की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह सभी कार्य कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं विधायक के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। वर्षा जल का संचयन एवं भू-जल स्तर में वृद्धि, सूख चुके एवं अतिक्रमित जल स्रोतों का पुनर्जीवन, ग्राम पंचायत स्तर पर तालाब, बावड़ी एवं नालों की सफाई एवं गहरीकरण, जनभागीदारी के माध्यम से श्रमदान स्व-सहायता समूह, युवा, स्कूली बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता। अभियान के अंतर्गत जिलेवासियों से अपील की कि वे इस जन आंदोलन में सक्रिय सहभागिता निभाकर जल संरक्षण के महत्वपूर्ण प्रयास को सफल बनाएं।

# जनसहभागिता से बदली गोचा नदी स्टॉप डैम की तस्वीर

भोपाल (ए.) । मध्यप्रदेश में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' जल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी जनआंदोलन के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक चल रहे इस अभियान ने प्रदेशभर में जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन को नई गति दी है। इसी अभियान के अंतर्गत गुना जिले के जनपद पंचायत राघौगढ़ की ग्राम पंचायत मोररवास में जनसहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि सामूहिक प्रयासों से जल संकट जैसी चुनौती का समाधान संभव है।

### सूखे स्टॉप डैम में लौटी जीवन की धारा

गोचा नदी पर स्थित स्टॉप डैम में पूर्व में पानी का ठहराव नहीं हो पाता था और वर्षा जल बहकर अन्य स्थानों पर चला जाता था। परिणामस्वरूप ग्रामीणों एवं पशुधन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 50 हजार रुपये की जनसहयोग राशि से बोरी बंधान का कार्य 6 से 11 अप्रैल के बीच पूर्ण किया गया। इस छोटे लेकिन प्रभावी प्रयास से अब स्टॉप डैम में जल ठहराव बढ़ा है और जल संग्रहण की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।




### श्रमदान से बना जनआंदोलन

इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही।

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया और जल की प्रत्येक बूंद को सहेजने का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में यह कार्य सामूहिक रूप से पूर्ण किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

### मवेशियों एवं वन्य जीवों को मिला सहारा

बोरी बंधान से जल उपलब्धता में वृद्धि हुई है, जिससे अब मवेशियों एवं वन्य जीवों के लिए भी पानी की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी है। जो स्थान पहले सूखा रहता था, वह अब जीवनदायी जल स्रोत के रूप में विकसित हो रहा है।

### प्रेरणादायक मॉडल

गोचा नदी स्टॉप डैम का यह परिवर्तन 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जनसहभागिता आधारित कार्यों की प्रभावशीलता को दर्शाता है। यह पहल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभरी है और यह संदेश देती है कि सामूहिक प्रयास, जनसहयोग एवं सकारात्मक सोच से जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है।

# भागवत कथा के समापन दिवस पर मोक्ष और वैराग्य का संगम



जबलपुर (ए.)। श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन आज कथा पंडाल मोक्ष और वैराग्य के संगम का साक्षी बना। श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर ( चांदी वाले गणेश जी ) ललपुर रोड गौरीघाट जबलपुर मध्य प्रदेश के महंत प्रमोद महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ में भागवत आचार्य पंडित इंद्र भानु महाराज ने अपनी प्रेम रस से रसीली वाणी से कथा के दौरान राजा परीक्षित को शुकदेव जी द्वारा दिए जा रहे उस परम ज्ञान का दर्शन करा रहे थे जो मृत्यु के भय को समाप्त कर देता है। सच्चा मोक्ष जो जीवित अवस्था में होना चाहिए। मृत्यु मोक्ष नहीं है यह तो जर्जर शरीर का त्याग है। जब हमारी बुद्धि और मन से सारी संकाओ का समाधान हो जाता है तब ज्ञान की प्राप्ति होती है जैसे ही सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति होती है हमें मोक्ष की प्राप्ति होती है।छोटे महाराज प्रमोद जी ने बताया कि कल हवन पूजन अर्चन के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया है। कथा में जजमान के रूप में श्रीमती अंजु कर,श्रीमती संध्या चौकसे ( भीठा ),श्रीमती गीता अहिरवार, एम एल अहिरवार ,श्रीमती मीना चौहान,राजेश चौहान, श्रीमती रीना शारदा,सुरेश शारदा ,श्रीमती प्रीति शर्मा ,राजकुमार शर्मा,श्रीमती उषा गुप्ता , प्रहलाद गुप्ता,श्रीमती पुष्पा शर्मा , रूपनारायण शर्मा श्रीमती राजकुमारी तिवारी, रामस्वरूप तिवारी,श्रीमती पुष्पा शर्मा ,श्रीमती सुधा जायसवाल, श्रीमती सेफली, आशीष डे, श्रीमती मधु ,संजय मिश्रा थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदी संवाद एवं श्रमदान कार्यक्रम सम्पन्न

उज्जैन (ए.)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड तराना के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम सामानेरा में ब्राह्मणी



माता मंदिर स्थित काली सिंध नदी के घाट पर नदी संवाद एवं श्रमदान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण के महत्व, नदियों की स्वच्छता तथा पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। नदी संवाद के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को जल संकट की गंभीरता समझाते हुए सामूहिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंधित जय दीक्षित विकासखंड समन्वयक संदीप मालवीय, परामर्शदाता जगदीश राठौर, समिति अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पंकज गिरी गोस्वामी, रवि गिरी, मानक शर्मा, तरुण गिरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने श्रमदान कर नदी घाट की साफ-सफाई की तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।

## सुगम आवागमन हेतु झंडा बाजार क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**- दुकानों के बाहर निकली अनधिकृत पट्टियां एवं अवरोध हटाए गए**



कटनी(ए.)। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा गुरुवार को झंडा बाजार क्षेत्र में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान गांधी द्वारा से झंडा बाजार जाने वाले मार्ग पर सार्वजनिक सड़क एवं नालियों पर किए गए 10 से अधिक अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने के साथ ही दुकानों के बाहर निकली अनधिकृत लोहे की पट्टियां, बोर्ड एवं अन्य अवरोधों को हटाने की कार्यवाही की गई।

नगर निगम अमले ने व्यापारियों एवं दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किए जाने से आमजन एवं वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बाजार क्षेत्र में बढ़ती भीड़ एवं यातायात दबाव को देखते हुए सड़क मार्गों को बाधा मुक्त बनाए रखना आवश्यक है। कार्यवाही के दौरान निगम अधिकारियों ने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए भविष्य में पुन: अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि शहर की यातायात व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे शहर में सुचारू यातायात एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

## अद्वैत वेदांत के प्रणेता आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पर भव्य व्याख्यान माला का आयोजन



ग्वालियर ( ए. ) । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, ग्वालियर के तत्वावधान में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय व्याख्यान माला (संवाद योजना अंतर्गत) का सफल आयोजन शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उत्कृष्ट महाचिद्यालय में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय दर्शन, विशेष रूप से अद्वैत वेदात, तथा शंकराचार्य जी के जीवन, व्यक्तित्व और उनके महान योगदान से समाज को परिचित कराना था। कार्यक्रम में संबाद के माध्यम से वैचारिक आदान-प्रदान पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी ऋषभ देवानंद जी महाराज रहे, जबकि अध्यक्षता शशिदत गगरानी जी (शासी निकाय सदस्य, जन अभियान परिषद) ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्राचार्य हरीश अग्रवाल, संभागीय समन्वयक सुशील बरुआ, जिला समन्वयक धर्मेन्द्र दीक्षित, ब्लॉक समन्वयक प्रीति बाजपेयी एवं विनोद शर्मा सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी एवं मेटर्स उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा धर्मेन्द्र दीक्षित द्वारा प्रस्तुत की गई।

## बीच-बचाव करने वाले युवक को मारे चाकू, मौत

इन्दौर (ए.) आपस में झगड़ रहे परिचित युवकों का बीच बचाव एक युवक को भारी पड़ गया, झगड़ रहे युवकों ने उसको ही चाकू मारकर घायल कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मामला हीरानगर थाना क्षेत्र का है। और मृतक युवक घर के नजदीक पार्टी में शामिल होने के बाद दुकान पर पाउच लेने गया था। पुलिस के अनुसार मृतक युवक का नाम मनीष सुनहरे उम्र बावीस साल निवासी रविदास नगर है वह डेकोरेशन का काम करता था। कल रात वह अपने नाबालिग साथी के साथ घर से कुछ दूरी पर पाउच लेने गया था। इसी दौरान वहां पहले से कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे जो उसके परिचित थे। मनीष ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो झगड़ा कर रहे युवकों ने उस पर ही चाकू से हमला कर उसके पैर में तीन जगह वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आज तड़के करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई।

## किसानों की उपज कि त्वरित तुलाई हो व बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करें : कलेक्टर श्रीमती चौहान

**कलेक्टर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ किया भितरवार मंडी व उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण**



ग्वालियर(ए.) मंडी एवं खरीदी केदो में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, साथ ही किसने की उपज की तुलाई जल्द से जल्द कराएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंडी प्रबंधन एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी से जुड़े अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के साथ भितरवार पहुंचीं और कृषि उपज मंडी में चल रही खरीदी व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए स्थापित उपार्जन केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किसान भाइयों, हम्मालों, मंडी व्यापारियों और मंडी प्रबंधन को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस उनकी सुविधा, सहूलियत और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर, एसडीएम राजीव समाधिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कृषि उपज मंडी भितरवार में उपज बेचने आए किसानों से सीधी चर्चा कर वहाँ मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। किसानों ने मंडी की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया। कलेक्टर ने मंडी प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसानों की उपज की तुलाई जल्द से जल्द हो। यदि किसी कारणवश तुलाई में देरी की संभावना हो तो किसानों को पहले से ही सूचित किया जाए, जिससे वे अनावश्यक प्रतीक्षा से बच सकें और अपने अन्य कार्य निपटा सकें।

## उपार्जन केन्द्रो में किसानों के लिए है पर्याप्त सुविधाएं

बालाघाट (ए.)। जिले के 13 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं 8 उपार्जन केन्द्रो में चना खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल को राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट द्वारा एच.सी. बोपचे शाखा पर्यवेक्षक एवं संस्था प्रबंधक लालबर्रा के साथ वृहता सेवा सहकारी समिति लालबर्रा शासकीय गोदाम में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम स्तरीय गेहूं उपार्जन केन्द्र में किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने की सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस हेतु जिले के 13 उपार्जन केन्द्रो में विभागों एवं शाखा के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

## व्यापार समाचार

## पीएलआई का फायदा, एप्पल आईफोन का निर्यात वित्त वर्ष 26 में 2 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

नई दिल्ली (ए) । भारत का आईफोन निर्यात वित्त वर्ष 26 में बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह अब देश का सबसे बड़ा ब्रांडेड निर्यात बन गया है, जो कि डायमंड, ऑटोमोटिव फ्यूल और दवाइयों से भी अधिक है। देश में स्मार्टफोन की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने की वजह केंद्र द्वारा लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम है, जिससे देश में बीते कुछ वर्षों में उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिली है।

वेंडर्स की ओर से प्रशासन को दिए गए डेटा के मुताबिक, एप्पल हार्मोनाइज्ड सिस्टम (एचएस) वर्गीकरण के तहत सभी श्रेणियों में सबसे बड़ा ब्रांडेड निर्यातक है। एचएस विश्व स्तर पर कारोबार किए जाने वाले 5,000 से अधिक उत्पादों का समूह है।

वित्त वर्ष 26 में भारत से कुल 2.6 लाख करोड़ रुपए (29.4 अरब डॉलर) के स्मार्टफोन का निर्यात हुआ है, जिसमें आईफोन की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत यानी 22 अरब डॉलर से अधिक की है। इसके बाद 14.53 अरब डॉलर के साथ ऑटोमोटिव डीजल फ्यूल सबसे बड़ा निर्यात है। वहीं, डायमंड 11.23 अरब डॉलर के साथ तीसरे, दवाइयां और मोटर गैसोलीन क्रमश 9.98 अरब डॉलर और 8.5 अरब डॉलर के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर है। पीएलआई योजना के लागू होने के बाद से आईफोन के निर्यात में तीव्र वृद्धि हुई है, जो पांच वर्षों के भीतर यह शून्य स्तर से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022 में निर्यात का मूल्य 9,351.6 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 44,269.5 करोड़ रुपए हो गया, और फिर वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 85,013.5 करोड़ रुपए हो गया। इसके बाद वित्त वर्ष 2025 में निर्यात बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपए हो गया, और भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार बाधाओं के बावजूद वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-फरवरी) में इसमें 33 प्रतिशत की और वृद्धि हुई। इसके अलावा, एप्पल ने घोषणा की है कि जॉन टर्नस 1 सितंबर, 2026 से टिम कुक के स्थान पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पद संभालेंगे। कुक ने इससे पहले नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए ऐसी खबरों को अफवाह बताया था और कंपनी का नेतृत्व करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी।

## इस तारीख से दोहा के लिए उड़ानें शुरू करेंगी भारतीय एयरलाइंस, दूतावास ने चेतावनी भी जारी की

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया संकट के बीच एक राहत की खबर सामने आई है। दरअसल भारतीय एयरलाइंस जल्द ही दोहा के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने वाली हैं। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। पश्चिम एशिया संकट के बीच एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल भारत की प्रमुख एयरलाइंस 1 मई से दोहा के हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पूर्ण स्तर पर परिचालन बहाल करने की तैयारी कर रही हैं। यह पश्चिम एशिया क्षेत्र में हवाई संपर्क के सामान्य होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-इस्राइल के ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दो महीने बाद यह सेवाएं फिर शुरू हो रही हैं।

**दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या लिखा ?**

भारत की तीन प्रमुख एयरलाइंस एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो द्वारा दोहा के लिए उड़ानें शुरू करने की उम्मीद है, जो दोहा को भारत के कई प्रमुख महानगरों और क्षेत्रीय केंद्रों से फिर जोड़ेंगी। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल साइट 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, 'जैसे-जैसे उड़ान संचालन का विस्तार जारी है, भारतीय एयरलाइंस हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट दोहा में अपनी सेवाएं फिर शुरू करने की योजना बना रही हैं।

# अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने से कच्चा तेल चार वर्षों के उच्चतम स्तर पर



नई दिल्ली (ए.) । अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने की संभावना के चलते गुरुवार को कच्चे तेल की कीमत चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

भारतीय समयानुसार सुबह 10:22 पर बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम 6.33 प्रतिशत बढ़कर 125.5 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 3.35 प्रतिशत बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

इससे पहले कच्चे तेल में यह कीमतें 2022 की शुरुआत में रूस-यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के दौरान देखी गई थीं।

कच्चे तेल में तेजी ऐसे समय पर देखी गई है, जब कुछ अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान में संभावित कार्रवाई के विकल्पों के बारे में जानकारी देगी। इससे दोनों देशों में फिर से संघर्ष शुरू होने की संभावना में इजाफा हुआ है।

अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के ब्लॉक कर रखा है, जिससे ईरान का तेल निर्यात करीब रुक गया है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कहा गया कि जब तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करता, तब तक यह नाकेबंदी नहीं हटेगी। ईरान भी पीछे हटने के तैयार नहीं है। हालांकि, वह अमेरिका के शांति के प्रस्ताव दे चुका है, जिसे ट्रंप ने ठुकरा दिया था।

इस हफ्ते की शुरुआत में मध्य पूर्व में तनाव के कारण अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैश ने 2026 की चौथी तिमाही के लिए कच्चे तेल की औसत कीमतों के अनुमान में फिर एक बार बढ़ोतरी की है।

अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक का कहना है कि इस साल के अक्टूबर से दिसंबर अवधि में ब्रेंट क्रूड की कीमत औसत 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम औसत 83 डॉलर प्रति बैरल रह सकता है।

औसत कीमतों में संशोधन की वजह, मध्य पूर्व में लगातार तनाव बने रहने के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित रहना है। इससे पहले गोल्डमैन सैश ने 2026 की चौथी तिमाही में ब्रेट क्रूड का दाम औसत 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम औसत 75 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया था।इन्वेस्टमेंट बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि तनाव के चलते मध्य पूर्व से आने वाला लगभग 14.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल बाजार से बाहर हो गया है।

## अमेरिकी फेड के फैसले का असर! भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला



मुंबई (ए.)। कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गुरुवार को गिरावट के साथ हुई। सुबह 9-17 पर सेंसेक्स 694 अंक या 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,801 और निफ्टी 210 अंक या 0.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,963 पर था।

शुरुआती कारोबार में बाजार में गिरावट का नेतृत्व ऑटो और पीएसयू बैंक कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी ऑटो और निफ्टी पीएसयू बैंक लूजर्स थे। निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी मेटल और निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग और निफ्टी एफएमसीजी के साथ करीब सभी सूचकांक लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ-साथ स्मॉलकैप और मिडकैप में गिरावट देखी गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 अंक या 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,993 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 647 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,695 पर था।

## रुपया 32 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.20 पर

**- रुपया पिछले कारोबारी दिन 94.88 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था**

मुंबई (ए.)। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख से रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.20 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ब्रेंट क्रूड का दाम करीब 122 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जिससे भारत का आयात खर्च बढ़ने की आशंका है। वहीं पश्चिम एशिया में संभावित व्यापक संघर्ष की चिंताओं ने निवेशकों की बेचैनी बढ़ा दी है जिससे डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर पर और दबाव पड़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में फिसलकर 95.20 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया जो पिछले बंद स्तर से 32 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को 20 पैसे कमजोर होकर 94.88 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.96 पर रहा।

# सोना 1.49 लाख तो चांदी 2.34 लाख के पार

**- सोने के भाव में 415 रुपए की बढ़त, चांदी में 1,902 रुपए की तेजी**

नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को शानदार तेजी दर्ज की गई। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और अंतरराष्ट्रीय कॉमेक्स (कॉमेक्स) दोनों पर ही कीमती धातुओं के भाव मजबूती के साथ खुले और खबर लिखे जाने तक उनमें बढ़त बरकरार थी, जिससे निवेशकों में उत्साह का माहौल देखा गया। घरेलू बाजार में सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 449 रुपये की तेजी के साथ 1,49,499 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,49,050 रुपये था। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 415 रुपये की बढ़त के साथ 1,49,465 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान सोने ने 1,49,526 रुपये का उच्च स्तर छुआ और इसका निचला स्तर 1,49,465 रुपये रहा। हालांकि, इस साल यह 1,80,779 रुपये का अपना सर्वोच्च स्तर भी देख चुका है। चांदी के वायदा भाव में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। एमसीएक्सपर मई कॉन्ट्रैक्ट 1,902 रुपये की बड़ी छलांग के साथ 2,35,102 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,33,200 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,028 रुपये की तेजी के साथ




2,34,228 रुपये पर कारोबार कर रहा था। चांदी ने दिन का उच्च स्तर 2,35,102 रुपये और निचला स्तर 2,34,228 रुपये दर्ज किया। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये किलो के अपने सर्वोच्च स्तर को छू चुकी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉमैक्स पर सोने का भाव 27.90 डॉलर की बढ़त के साथ 4,589.40 डॉलर प्रति औंस पर देखा गया। यह 4,557 डॉलर प्रति औंस पर खुला था और इसका पिछला बंद भाव 4,561.50 डॉलर प्रति औंस था। इस साल सोने ने 5,586.20 डॉलर का उच्चतम स्तर छुआ था। वहीं चांदी के वायदा भाव भी 1.27 डॉलर की तेजी के साथ 72.84 डॉलर प्रति औंस पर थे। चांदी 71.38 डॉलर पर खुली थी और पिछला बंद भाव 71.56 डॉलर था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भारत ने कदम पीछे खींच लिए हैं?

कॉप-33 की मेजबानी से भारत ने इनकार कर दिया है। यह निर्णय रहस्यमय लगता है, क्योंकि मेजबानी पाने की पहल खुद प्रधानमंत्री ने की थी। उसके बाद आखिर ऐसा क्या बदल गया, जिस कारण भारत ने कदम पीछे खींच लिए हैं? जिस समय अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत के अलग-थलग पड़ने से देशवासियों में व्यग्रता गहराई है, नरेंद्र मोदी सरकार ने फिर एक फैसला लिया है, जिसका भारत की वैश्विक छवि पर खराब पड़ेगा। भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर संबंधित पक्षों के सम्मेलन (कॉप-33) की मेजबानी से इनकार कर दिया है। यह निर्णय रहस्यमय भी लगता है, क्योंकि इसकी मेजबानी पाने की पहल खुद प्रधानमंत्री ने की थी। 2023 में दुबई में हुए कॉप-28 के दौरान उन्होंने ये की पेशकश की, जिसे तुरंत स्वीकार कर लिया गया था। मुद्दा है कि उसके बाद आखिर ऐसा क्या बदल गया, जिस कारण भारत ने 2028 में तय सम्मेलन की मेजबानी से कदम पीछे खींच लिए हैं? अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बदलाव यह आया कि डॉनल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका जलवायु परिवर्तन से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं से अलग हो गया। दरअसल, ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन संबंधी वैज्ञानिकों की सोच को एक धोखा बता रखा है। उन्होंने 'ड्रिल बेबी ड्रिल' के नारे के तहत जीवाश्म ऊर्जा का प्रचलन बढ़ाने की मुहिम छेड़ रखी है। क्या वॉशिंगटन में आए इस बदलाव से भारत सरकार प्रभावित हुई है? इससे जुड़ा सवाल यह भी उठेगा कि क्या 2023 में भारत ने मेजबानी इसलिए मांगी थी, क्योंकि क्लाइमेट एजेंडे को आगे बढ़ाना अमेरिका के तत्कालीन जो. बाइडेन प्रशासन की प्राथमिकता थी? भारत सरकार को ऐसी धारणाओं को तोड़ने का सायास प्रयास करना चाहिए। अभी जबकि ट्रंप की विज्ञान विरोधी अभियानों से दुनिया भर में अमेरिका के सॉफ्ट पॉवर में तेजी से ह्रास हो रहा है, ये सही वक्त है जब भारत जैसा देश ऐसे प्रयासों में अधिक दिलचस्पी लेकर अपनी वैश्विक छवि एवं हैसियत को ऊंचा उठाए। मोदी के बारे में धारणा है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मौजूदगी के लिए उत्साहित रहते हैं। फिर भी इस मामले में भारत सरकार ने विपरीत कदम उठाया है। स्पष्टत: ऐसा कर वह वैश्विक चिंताओं की आवाज बनने का मौका गवां रही है। साथ ही ऐसे कदमों से ऐसी धारणाओं को भी बल मिल रहा है कि भारत अमेरिका का पिछलग्गू बनता जा रहा है।

( 1 मई ,अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस )

# बाल श्रम की व्यथा और कठोर श्रम करते हाथ मूल सुविधाओं से वंचित

**संजीव ठाकुर,**

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 1 मई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस केवल श्रमिकों के सम्मान का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह उन असंख्य अदृश्य हाथों की पीड़ा को भी सामने लाता है जो आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। भारत जैसे विकासशील देश में यह दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यहाँ श्रम के साथ-साथ बाल श्रम की समस्या भी एक गहरी सामाजिक विडंबना के रूप में उपस्थित है। संविधान और कानूनों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से खतरनाक उद्योगों, कारखानों, होटलों, ढाबों या अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों में कार्य कराना अपराध है। इसके बावजूद वास्तविकता यह है कि देश के छोटे-बड़े शहरों, कस्बों और गांवों में लाखों बच्चे आज भी श्रम के बोझ तले दबे हुए हैं। वे कभी चाय की दुकानों पर काम करते दिखते हैं, कभी पटाखा उद्योगों में, तो कभी कचरा बीनते या भीख मांगते हुए। यह केवल आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि उनके बचपन, शिक्षा और भविष्य का भी हनन है।**




### बाल श्रम की जड़ें गहरी हैं।

गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, अशिक्षा और सामाजिक जागरूकता का अभाव इसके प्रमुख कारण हैं। कई परिवारों में आर्थिक मजबूरी इतनी तीव्र होती है कि वे स्वयं अपने बच्चों को श्रम के दलदल में धकेल देते हैं। इसके अतिरिक्त अभिभावकों की असामयिक मृत्यु, बीमारी या परिवार में अधिक सदस्यों का होना भी बच्चों को समय से पहले जिम्मेदारियों के बोझ तले ला देता है।

बाल श्रमिकों का शोषण बहुआयामी होता है शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक। उन्हें वयस्क श्रमिकों की तुलना में बहुत कम पारिश्रमिक दिया जाता है, जिससे नियोजकों के लिए वे सस्ते और सुविधाजनक श्रम का स्रोत बन जाते हैं। यही कारण है कि बाल श्रम की प्रवृत्ति समाप्त होने के बजाय कई स्थानों पर बढ़ती दिखाई देती है।

इस समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण कानून और योजनाएँ लागू की हैं, जैसे बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, तथा राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण से जुड़ी अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ जैसे संगठन बाल श्रम उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन के कन्वेंशन 138 और 182 विशेष रूप से बाल श्रम के उन्मूलन और खतरनाक कार्यों से बच्चों को मुक्त कराने पर केंद्रित हैं। फिर भी, समस्या का समाधान केवल कानून बनाने से नहीं होगा, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से ही संभव है। दुर्भाग्यवश, कई बार इन कानूनों का पालन कराने वाली एजेंसियाँ भ्रष्टाचार, लापरवाही और लालफीताशाही की शिकार हो जाती हैं। परिणामस्वरूप, नियोजक आसानी से बच निकलते हैं और बच्चे शोषण की आग में झोंक दिए जाते हैं।यह भी ध्यान देने योग्य है कि बाल श्रम केवल एक कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक प्रश्न भी है। जब तक समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता नहीं बढ़ेगी, जब तक हम बच्चों को श्रम नहीं बल्कि शिक्षा और संस्कार का अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध नहीं होंगे, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।मजदूर वर्ग की व्यापक स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक आज भी न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षित कार्यस्थल जैसे मूल अधिकारों से वंचित हैं। प्रवासी मजदूरों की स्थिति, विशेषकर महामारी के समय, ने इस सच्चाई को उजागर कर दिया कि श्रमिक वर्ग हमारे विकास का आधार होने के बावजूद सबसे अधिक उपेक्षित है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि बाल श्रम और श्रमिक शोषण के विरुद्ध एक समन्वित और सख्त नीति अपनाई जाए। इसके लिए कानूनों का कठोर और पारदर्शी क्रियान्वयन,शिक्षा और पोषण योजनाओं का प्रभावी विस्तार,गरीब परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा,और समाज में जागरूकता का प्रसार अत्यंत आवश्यक है।यदि हम सचमुच एक सशक्त और विकसित राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें अपने बच्चों को श्रम की बेड़ियों से मुक्त कर शिक्षा और अवसरों की मुख्यधारा में लाना होगा। अन्यथा, आज का यह बाल श्रमिक कल का कमजोर नागरिक बनेगा, और एक सुदृढ़ राष्ट्र का सपना अधूरा ही रह जाएगा।

## विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?

दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

# ईरान युद्ध से अमेरिका चतुराई से एग्जिट हो गया और हॉर्मूज ईरान की गले की फांस बन गया है

अजय दीक्षित

युद्ध से सम्मानजनक एग्जिट हो गया अमेरिका और पाकिस्तान ने बिचौलिया बन कर ईरान को हॉर्मूज में फंसा दिया अब ईरान बिलबिला रहा है क्योंकि हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र पर जो ब्लैक मेलिंग अमेरिका कर रहा था। वह अमेरिका करने लगा है और ईरान की पूरी इकॉनमी ध्वस्त होती जा रही है। ईरान की लीडरशिप में बिखराव की खबरें आ रही है।

उसकी तेल के संयंत्र निकासी या सप्लाई न होने के कारण बंद हो सकते हैं क्योंकि ईरान के पास स्टोरेज क्षमता तीस लाख बैरल की है ।वह पूरी भर चुकी है इस लिए उत्पादन बंद करने की नौबत आ गई है। पाकिस्तान और अमेरिका ने बड़ी चतुराई से युद्ध सीज फायर किया और एक सप्ताह में पहले दौर की बातचीत करली। बातचीत असफल हो गई तो अमेरिका ने एक तरफ से युद्ध बंद कर एग्जिट कर लिया।

जिस हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र हथियार से ईरान ने खाड़ी देशों और भारत पाकिस्तान चाइना, सहित 75 देशों को गैस, क्रूड ऑयल के तरसा दिया था और वही हॉर्मूज गले की हड्डी बन गया है। क्योंकि अमेरिका ने हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र की नाके बंदी करदी है। इससे ईरान के बंदरगाहों से तेल टैंकरों से तेल नहीं निकल रहा है। हालांकि परेशान खाड़ी देश भी है कि उनकी दो महने में इकॉनमी समाप्त हो गई है।



वे भी अपना तेल नहीं बेच पा रहे हैं। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने पहली बार ईरान अमेरिका युद्ध में राहत की सांस ले रहे हैं क्योंकि ईरान अब हॉर्मूज खोलने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष गिड़गिड़ा रहा है।अगर यही हालत रहे तो ईरान के तेल रिफाइनरी और पंपिंग को बंद करना पड़ सकता है और पंपिंग स्टेशन बंद हुए तो समुद्र का पानी उसमें भर सकता जिससे ईरान को अरबों डॉलर का नुक्सान हो सकता है। जहां तक समझते की बात है अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान, रूस को कह दिया कि ईरान जब तक परिशोधित यूरेनियम 440 द्मद्द उसे सौंपता नहीं है तब तक हॉर्मूज में नाके बंदी समाप्त नहीं होगा। इससे ईरान की लीडरशिप दौड़ी दौड़ी फिर रही है।

दूसरी ओर विश्व बिरादरी ने ऊर्जा,गैस, पेट्रोल के लिए अर्जेंटीना, मोरक्को का रुख कर लिया है। साउथ अफ्रीका ने अमेरिका से तेल लेना स्वीकार कर लिया। अमेरिकी रक्षा मंत्री रोबियो ने ईरान से कहा कि हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र पर कोई बातचीत तब तक नहीं होगी जब तक परिशोधित यूरेनियम सौंपा नहीं जाता है। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि उसे कोई जल्दी नहीं है।ईरान के कट्टर पंथी नेता और मौजसफा खमनोई इस बात कतई तैयार नहीं कि ईरान अमेरिका को यूरेनियम सौंप दे।इस लिए ईरान की लीडरशिप में मतभेद है। लेकिन इतना तय है कि ईरान को इस युद्ध से सम्मानजनक कुछ नहीं मिल सकता क्योंकि अगर परिशोधित यूरेनियम ही सौंपना था तो युद्ध से पहले ही समर्पण अधिक ठीक रहता था कम से कम लीडरशिप और बुनियादी ढांचे को नष्ट होने से बचाया जा सकता था। युद्ध से पहले अमेरिका संस्टिंस हटा सकता था और खाड़ी देशों में फ्रिज 7 अरब डॉलर को रिहा कर सकता था। ईरान का ये कुटनीतिज्ञ सफलता है।




मेष राशि: आज के दिन आपके व्यक्तित्व में नया निखार आने वाला है। आपका कर्मशील और कर्तव्य वान स्वभाव से समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के ठेकेदार को आज दिन धनलाभ होने वाला है।

वृष राशि: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। कई सालों से नहीं बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिकने के योग हैं। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे। जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। इस राशि के विवाहित पुरुष आज जीवनसाथी को साड़ी गिफ्ट करें तो रिश्ते में और मधुरता आयेगी। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ बाहर डिनर पर जा सकते हो। राजनीतिक से जुड़े लोगों का आज मान-सम्मान बढ़ेगा। छात्र आज ऑनलाइन किसी टॉपिक को समझने का प्रयास करेंगे। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। पड़ोसी जिनसे पहले अनबन हुई थी वो आज सब भुलाकर दोस्ती का हांथ बढ़ाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। एग्जाम से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता हैं। घर से बाहर जाते समय जेब में काली मिर्च के सात दाने जरूर रखें, फायदा होना तय है।

सिंह राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस का वर्क लोड ज्यादा हो सकता है, जितनी सहजता से करेंगे उतनी ही जल्दी काम पूरा होगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

कन्या राशि: आज का दिन नयी खुशियां लेकर आया है। आप अपने मित्र के साथ बाहर जा सकते है, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। साथ में किसी मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे।

तुला राशि: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में आज बॉस अधूरे कार्यों को देखकर आपकी क्लास लगा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं, दोनों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। लवमेट के साथ शादी फिक्स होने के योग बन रहे है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बनेगा। आपका रुका काम आसानी से पूरा हो जाएगा। साथ ही घर में लोगों का आना जाना रहेगा।

धनु राशि: आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा। साइंस से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर होगा। सरकारी नौकरी वालों के लिए आज के दिन प्रमोशन हो सकता है।

मकर राशि: आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा होने वाला है।


कुंभ राशि: आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आप अपना पैसा किसी धार्मिक काम में लगाएंगे, तो आपको मन शांत रहेगा। इस राशि के लोग आज घर से बाहर निकलने से पहले घर में किसी कन्या का आशीर्वाद लेकर निकलें तो निश्चित लाभ की प्राप्ति होगी।

मीन राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं आयेंगी। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है।

# गौतम बुद्ध के उपदेश और आज की दुनिया में उनकी प्रासंगिकता

**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि पर बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के नौवें अवतार महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 1 मई 2026, शुक्रवार को मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 30 अप्रैल की रात 09 बजकर 12 मिनट से शुरू होकर 1 मई 2026 की रात 10 बजकर 52 मिनट तक प्रभावी रहेगी। उदया तिथि के अनुसार यह पर्व 1 मई को मनाया जाएगा। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बोधि) और महापरिनिर्वाण-तीनों की स्मृति को समर्पित है। इस अवसर पर देश-विदेश में श्रद्धालु ध्यान, प्रार्थना, दान और अहिंसा के संदेश का पालन करते हैं। विशेषकर बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर जैसे पवित्र स्थलों पर बड़े आयोजन होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हमें करुणा, शांति और मध्यम मार्ग के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देता है, जिससे मानव जीवन में नैतिकता और सद्भाव का विकास होता है।पाठकों को बताता चलूं कि वैशाख पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा', 'पीपल पूर्णिमा' और 'बुद्ध जयंती' के नाम से भी जाना जाता है। ऊपर इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि यह दिन भगवान विष्णु को भी समर्पित माना जाता है, क्योंकि पुराणों के अनुसार महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार माना गया है। स्कन्द पुराण में वैशाख मास को समस्त मासों में श्रेष्ठ बताया गया है, इसलिए यह मास विष्णु भगवान को अत्यंत प्रिय है। इस दिन भगवान विष्णु के सत्यनारायण स्वरूप की पूजा की जाती है। पद्म पुराण और मत्स्य पुराण में वैशाख मास में स्नान और दान को श्रेष्ठ बताया गया है-वैशाखे मासि स्नानं च, दानं च विशेषत:। इस मास में पवित्र तीर्थों पर स्नान, दान-पुण्य और व्रत से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।



(1 मई बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष आलेख)

शास्त्रों के अनुसार वैशाख शुक्ल त्रयोदशी से लेकर पूर्णिमा तक की तिथियों को 'पुष्करणी तिथियाँ' कहा जाता है। मान्यता है कि एकादशी को अमृत प्रकट हुआ, द्वादशी को भगवान विष्णु ने उसकी रक्षा की, त्रयोदशी को देवताओं ने अमृत का पान किया, चतुर्दशी को दैत्यों का संहार हुआ और पूर्णिमा को देवताओं को उनका राज्य पुन: प्राप्त हुआ। इस दिन यमराज (धर्मराज) की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत रखने और दान करने का विशेष विधान है। शक्कर, तिल, पंखे, जूते-चप्पल, घड़ा, दूध-खीर, अन्न-वस्त्र आदि का दान अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। पूर्णिमा के दिन चंद्रदेव को अर्घ्य देना शुभ फलदायी होता है। साथ ही मां लक्ष्मी की पूजा से घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य बढ़ता है। उन्हें बताशा, खीर, मिठाई, नारियल और कमल का फूल अर्पित किया जाता है। इस दिन भगवान राम और हनुमान जी की पूजा भी की जाती है तथा हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है। पितरों के निमित्त पिंडदान करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है और परिवार में शांति एवं समृद्धि आती है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि भगवान गौतम बुद्ध को 'एशिया का प्रकाश' कहा जाता है। उनका जन्म 563 ईसा पूर्व नेपाल के कपिलवस्तु स्थित लुम्बिनी वन में वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता शुद्धोधन शाक्यवंश के राजा थे और माता महामाया थीं। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था और उनका पालन-पोषण राजकुमार के रूप में हुआ। बाद में उन्होंने सांसारिक जीवन त्यागकर सत्य की खोज की।

आज के संदर्भ में देखा जाए तो उनका जन्म नेपाल में हुआ, लेकिन उनकी कर्मभूमि भारत रही। यहीं उन्हें बोधि प्राप्त हुई और यहीं से उन्होंने संपूर्ण विश्व को ज्ञान का संदेश दिया। आज जापान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, चीन, वियतनाम, ताइवान, तिब्बत, भूटान, कंबोडिया, हांगकांग, मंगोलिया, थाईलैंड, मकाऊ, म्यांमार, श्रीलंका जैसे अनेक देश बौद्ध संस्कृति से प्रभावित हैं। पाठक जानते हैं कि महात्मा बुद्ध ने जीवन में अहिंसा, करुणा, शांति, मैत्री और बंधुत्व का संदेश दिया। उनके अनुसार मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। शुद्ध विचारों से किया गया कर्म सुख देता है और अशुद्ध विचार दुख का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि तीन चीजें कभी छुपाई नहीं जा सकतीं-सूर्य, चंद्रमा और सत्य। उनका यह भी संदेश था कि एक दीपक हजारों दीपक जला सकता है, फिर भी उसकी रोशनी कम नहीं होती, इसी प्रकार सद्गुण बांटने से कम नहीं होते। बुद्ध के अनुसार व्यक्ति को वर्तमान में जीना चाहिए, क्योंकि भूतकाल और भविष्य में खोकर दुख ही मिलता है। उन्होंने कहा कि बुराई से बुराई को नहीं जीता जा सकता, प्रेम से ही संसार जीता जा सकता है। जो व्यक्ति स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेता है, वही वास्तविक विजेता है। क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है और क्रोध से स्वयं को ही नुकसान होता है। उनका यह भी कहना था कि केवल ज्ञान पढ़ना या सुनना पर्याप्त नहीं है, जब तक उसे जीवन में न अपनाया जाए उसका कोई लाभ नहीं। बुद्ध ने यह स्पष्ट किया कि उनके उपदेशों को बिना जांचे स्वीकार न किया जाए। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपनी बुद्धि और अनुभव से सत्य को परखे। उनका धर्म तर्कसंगत, वैज्ञानिक सोच पर आधारित और अंधविश्वास विरोधी था। वे मानते थे कि संसार में अंतिम और अपरिवर्तनीय कुछ भी नहीं है, केवल परिवर्तन ही सत्य है।बहरहाल, आज विश्व में कई क्षेत्रों में युद्ध और तनाव की स्थिति बनी हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास संघर्ष, चीन-ताइवान तनाव, भारत-चीन सीमा विवाद, उत्तर कोरिया-दक्षिण कोरिया तनाव और ईरान-इज़राइल तनाव वैश्विक शांति के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं, क्योंकि उन्होंने युद्ध का पूर्ण विरोध किया और कहा कि हर युद्ध में केवल विनाश और पीड़ा होती है।





## दिल्ली के द्वारका में बड़ा हादसा, गोल्फ कोर्स के तालाब में डूबने से 3 बच्चों की मौत

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में स्थित गोल्फ कोर्स में गुरुवार सुबह तीन बच्चों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। शुरुआती जांच में बच्चों के तालाब में डूबने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 7:07 बजे सेक्टर-23 थाने को पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली कि सेक्टर-24 स्थित गोल्फ कोर्स के एक तालाब में तीन बच्चे डूब गए हैं। सूचना मिलते ही एसएचओ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अन्य संबंधित एजेंसियों को भी तुरंत अलर्ट किया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 8 से 10 साल की उम्र के तीन बच्चों को तालाब से बाहर निकाला। जांच के दौरान बच्चों के कपड़े तालाब के किनारे मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वे नहाने के लिए पानी में उतरे थे और हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने बताया कि शुरुआती तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि बच्चे चारदीवारी कूदकर गोल्फ कोर्स में दाखिल हुए थे। फिलहाल तीनों बच्चों की पहचान नहीं हो सकी है और आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट भी दर्ज नहीं मिली है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस बच्चों की पहचान और उनके परिजनों का पता लगाने के साथ-साथ हादसे के कारणों की गहन जांच कर रही है।

## पंजाब के संगरूर में डबल मर्डर, ससुर और साले को दामाद ने गोलियों से भूना; बेटी का झगड़ा सुलझाने आए थे

संगरूर ,(आरएनएस)। पंजाब के संगरूर जिले के शादीहरी गांव में अपने बेटी के घर घरेलू कलेश का मसला सुलझाने आए बाप-बेटे की उनके दामाद ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बन गया है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद दामाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कार्रवाई आरंभ कर दी।

जानकारी अनुसार गांव शादीहरी में डबल मर्डर की घटना बुधवार देर रात सामने आई है, जिससे इलाके में गांव शादीहरी के अमरीक सिंह के बेटे गुरविंदर सिंह ने अपने ससुर लखबीर सिंह व साले जगसीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है।

गुरविंदर सिंह की शादी पटियाला जिले के बसी रसोली के लखबीर सिंह की बेटी वीरपाल कौर से हुई थी। दोनों के बीच काफी समय से कलेश रहता था।बीती रात उसके ससुर लखबीर सिंह और साला जगसीर सिंह झगड़ा सुलझाने के लिए उसके गांव शादीहरी पहुंचे। यहां बातचीत दौरान झगड़ा बढ़ गया, जिसके कारण गुरविंदर सिंह ने गुस्से में आकर अपने ससुर लखबीर सिंह व साले जगसीर सिंह पर गोलियां चला दीं।

जिसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले की जांच दिड़बा थाने के तहत आने वाली चौकी कौहरियां के पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

## इटली और दिल्ली के रक्षा संबंध महत्वपूर्ण पड़ाव पर, रक्षामंत्री सिंह की इटली के रक्षा मंत्री संग बैठक




नई दिल्ली,(ए.)। नई दिल्ली में इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो का आधिकारिक दौरा भारत-इटली संबंधों में महत्वपूर्ण पड़ाव बताया जा रहा है। अपने दौरे की शुरुआत उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीद सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानपूर्वक नमन किया। इसके बाद मानेकशॉ सेंटर में उनका औपचारिक स्वागत किया गया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इतालवी समकक्ष के बीच नई दिल्ली में अहम द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। इस बैठक में रक्षा सहयोग को और मजबूत करने, आधुनिक तकनीक के आदान-प्रदान, संयुक्त उत्पादन और अनुसंधान के क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा से जुड़े बदलते हालात पर भी विचार-विमर्श किया गया।

यह बैठक वर्ष 2023 में रोम में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ती नजदीकियों का अगला कदम मानी जा रही है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और इटली रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी का भी इस संबंध पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।विशेषज्ञों के अनुसार, यह दौरा केवल औपचारिक नहीं है, बल्कि बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में दोनों देशों के बीच मजबूत और भरोसेमंद साझेदारी का संकेत है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर सुरक्षा चुनौतियां तेजी से बदली हैं, जिससे देशों के बीच रणनीतिक सहयोग की आवश्यकता और बढ़ गई है।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान आधिकारिक दस्तावेजों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। इस अवसर पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## पंजाब की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हमारा कर्तव्य', राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले बोले सीएम मान

चंडीगढ़, (आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ 5 मई की मुलाकात से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें पंजाब का गद्दार बताया था। इसके साथ ही, भगवंत मान ने दलबदल से जुड़े विषय को लेकर राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा था। गुरुवार को सीएम मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि राष्ट्रपति ने उन्हें 5 मई को दोपहर 12 बजे मिलने का समय दिया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पंजाब की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 5 मई को दोपहर 12 बजे मिलने का समय दिया है। हालांकि, हमने सभी विधायकों के लिए समय मांगा था, लेकिन मुझे अकेले ही मिलने का निमंत्रण मिला है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक सड़क हादसा : चलती कार बनी आग का गोला, 5 लोग जिंदा जले



अलवर,(आरएनएस)। राजस्थान के अलवर जिले में स्थित लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर देर रात एक भीषण हादसा हो गया। मौजपुर के पास रात करीब 1 बजे दिल्ली से कोटा जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन कुछ ही मिनटों में आग का गोला बन गया।

इस हादसे में कार में सवार 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में मध्य प्रदेश के श्योपुर निवासी तीन महिलाएं, एक बच्ची और एक पुरुष शामिल हैं। हादसा एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर 115/300 के पास हुआ।

कार चालक विनोद कुमार मेहर ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन वह करीब 80 प्रतिशत झुलस गया। राहगीरों की सूचना पर एनएचएआई पेट्रोलिंग टीम, एम्बुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस और एसएचओ नेकीराम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दमकल विभाग को सूचना दी।

दमकल की गाड़ियां पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह जल चुकी थी। बाद में पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। घायल चालक को पहले पिनान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे अलवर के सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी कैलाश जिंदल और एसपी सुधीर चौधरी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।



*नई दिल्ली में, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में पांडव कुमार के परिवार से मुलाकात की और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।*

## जातीय सर्वे को टालना चाहते हैं पीएम मोदी, जानिए कांग्रेस क्यों लगा रही सरकार पर ये बड़ा आरोप

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि सरकार द्वारा जातीय जनगणना की घोषणा किए एक साल पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक ये साफ नहीं है कि यह प्रक्रिया कैसे पूरी की जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातीय सर्वे को टालना चाहते हैं। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आज ही के दिन एक साल पहले मोदी सरकार ने आगामी जनगणना में जातीय गणना को भी शामिल करने की घोषणा की थी।जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में कहा, %प्रधानमंत्री के नाटकीय यू-टर्न की समयरेखा ये है कि 21 जुलाई 2021 को लोकसभा में एक भाजपा सांसद के सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने कहा था कि सरकार ने नीति के तौर पर जातिवार जनसंख्या की गणना नहीं करने का फैसला किया है।

## महाराष्ट्र : नागपुर में RSS मुख्यालय और स्मृति मंदिर पर रेडिएशन अटैक की धमकी

नागपुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय और डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में रेडिएशन की धमकी से हड़कंप मच गया। पुलिस कमिश्नर को भेजी गई एक गुमनाम चिट्ठी में दावा था कि आरएसएस मुख्यालय और स्मृति मंदिर में रेडियोएक्टिव पदार्थ फैला दिया गया है। यह चिट्ठी कथित तौर परडीएसएस नाम के एक संगठन ने भेजी है। इस चिट्ठी के मिलने के बाद एक बड़े पैमाने पर जांच शुरू हो गई है, जिसमें एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) और एनडीआरएफ भी शामिल हैं। अंग्रेजी में लिखी यह गुमनाम चिट्ठी 27 अप्रैल को डाक के जरिए पुलिस कमिश्नर रविंद्रकुमार सिंघल के दफ्तर पहुंची। इसमें आरएसएस के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था और एक चेतावनी दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चिट्ठी में कहा गया था कि सीजियम-137 नाम का एक बेहद खतरनाक रेडियोएक्टिव पाउडर कई अहम जगहों पर कथित तौर पर रख दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीजियम-137 (137सीएस) धातु सीजियम का एक रेडियोएक्टिव आइसोटोप है। यह प्राकृतिक रूप से नहीं पाया जाता। यह न्यूक्लियर रिएक्टरों और हथियारों में यूरेनियम के न्यूक्लियर विखंडन से बनने वाला एक उप-उत्पाद है। इसकी हाफ-लाइफ (अर्ध-आयु) 30.05 साल होती है, जिसका मतलब है कि इसकी रेडियोएक्टिविटी को आधा होने में तीन दशक लग जाते हैं। इससे बीटा कण और शक्तिशाली गामा किरणें निकलती हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, चिट्ठी में दावा किया गया है कि यह रेडियोएक्टिव पदार्थ आरएसएस मुख्यालय, रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर, गणेशपेठ स्थित भाजपा दफ्तर, ऑरेंज और एक्वा दोनों लाइनों की मेट्रो ट्रेनों की सीटों पर, और बसों में रखा गया है। दावा किया गया कि उन्हें यह रेडियोएक्टिव पदार्थ एक कैंसर अस्पताल से मिला था।चिट्ठी में आगे अधिकारियों को चुनौती देते हुए कहा गया है, नागपुर शहर अब पूरी तरह से रेडिएशन के खतरे में है। जब तारापुर एटॉमिक पावर स्टेशन के विशेषज्ञ यहां आकर जांच करेंगे, तब आपको इस बात की सच्चाई का पता चलेगा।

चिट्ठी में हाल ही में हुई एक घटना का भी जिक्र किया गया, जिसमें दोसर भवन मेट्रो स्टेशन के पीछे एक खाली प्लॉट में डेटोनेटर और जिलेटिन की छड़ें मिली थीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीएसएस ने उन विस्फोटकों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था, वह तो बस एक चेतावनी थी। असली खेल तो अब शुरू हुआ है।

पत्र मिलने के बाद, एटीएस ने एनडीआरएफ और परमाणु ऊर्जा विशेषज्ञों के साथ मिलकर आरएसएस मुख्यालय, मेट्रो स्टेशनों और बताई गई दूसरी जगहों की पूरी तरह से तलाशी ली। विशेषज्ञों की शुरुआती तलाशी में अभी तक कोई भी रेडियोएक्टिव पदार्थ नहीं मिला है।हालांकि, एटीएस की शिकायत के आधार पर सदर पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस मुख्यालय 150 सीआईएसएफ जवानों और नागपुर पुलिस की 24 घंटे की कई-स्तरीय सुरक्षा घेरे में है।

## पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता, 42 करोड़ की हेरोइन बरामद, अमृतसर-जालंधर हाईवे पर ड्रग तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। अमृतसर की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने अमृतसर-जालंधर हाईवे पर अड्डा मानावाला के पास कार्रवाई करते हुए एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 6 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।

डीजीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी दुबई में बैठे एक हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहा था। इस हैंडलर की पहचान सुल्तानविंड निवासी अंतरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पहले से ही नशीले पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में वांछित है।

पुलिस के अनुसार, यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है और पंजाब में नशे की सप्लाई करने में संलिप्त रहा है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लाई चैन की जानकारी जुटाई जा रही है।

इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी संभव है।

## बुलंदशहर में बर्थडे पर गोलियां बरसाने वाला जीतू एनकाउंटर में ढेर, तिहरे हत्याकांड के बाद सिर पर था 50000 रुपए का इनाम

बुलंदशहर,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में ट्रिपल मर्डर के आरोपी जीतू सोनी को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। जीतू सैनी का जन्मदिन मनाने के दौरान विवाद हुआ था, जिसमें 3 युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था और अब मुख्य आरोपी एनकाउंटर में मारा गया है। पुलिस ने जीतू सैनी के ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम रखा था।

जिम में बर्थडे मनाने के दौरान जीतू सैनी के मुंह पर केक लगाने से विवाद हुआ था, जिसमें तीन युवकों की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मृतकों के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग की थी। बर्थडे ब्यॉय जीतू सैनी ने बर्थ-डे पार्टी में 32 की पिस्टल से युवकों पर गोलियां बरसाकर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी थी। आरोपी जीतू और पुलिस की मुठभेड़ ढाकर रोड पर हुई, जिसमें एसओजी प्रभारी असलम और एक अन्य सिपाही भी घायल हुआ। घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। आरोपी जीतू सैनी के कब्जे दो पिस्टल, एक तमंचा और जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।25 अप्रैल के दिन एक जिम में जीतू सैनी का बर्थडे मनाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसके चेहरे पर केक लगा दिया। इससे विवाद शुरू हो गया और तीन युवकों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए। मृतकों के परिजनों ने बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने मयंक नाम के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। वहीं, दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## विधानसभा में सीएम योगी बोले, सपाइयों के आचरण पर गिरगिट भी शरमा जाए



लखनऊ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद में विरोध और सदन में समर्थन का दिखावा कर विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है, जिस पर सपाइयों को देख गिरगिट भी शरमा जाए। विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 16 और 17 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष का रवैया महिला विरोधी था और यह सदन भी उसके व्यवहार का गवाह है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर सीधा निशाना साधते हुए कहा पांडेयजी, इस उम्र में तो सच्चाई स्वीकार कीजिए। योगी ने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि जब 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार आई, तब 1.5 साल के भीतर 2 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिस पर विपक्ष ने सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि अब वही दल महिला आरक्षण के पक्ष में खड़े होने का दावा कर रहे हैं जबकि संसद में उसका विरोध किया गया। मुख्यमंत्री ने सपा विधायक पूजा पाल का जिक्र करते हुए कहा कि आप अपनी साथी के आंसू तक नहीं पोंछ पाए, और आरोप लगाया कि सपा का महिलाओं के प्रति रवैया संवेदनशील नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि सपाइयों के आचरण पर गिरगिट भी शरमा जाए।कांग्रेस पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि पहले एलपीजी सिलेंडर के लिए महिलाओं को संघर्ष करना पड़ता था, जबकि केंद्र सरकार ने अब 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने जनधन खातों, शौचालय निर्माण और महिला सशक्तिकरण योजनाओं को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष के रुख की निंदा करते हुए प्रस्ताव भी पेश किया। उन्होंने कहा कि यदि सपा वास्तव में 33 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में है, तो उसे संसद में अपने आचरण की निंदा करनी चाहिए।

## हज यात्रा का हवाई किराया बढ़ने पर ओवैसी ने जताई नाराजगी, कहा-यह उचित नहीं

नई दिल्ली (आरएनएस)। एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हज यात्रा के हवाई किराए के बढ़ने पर नाराजगी जताई है। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि हज कमेटी हज यात्रियों से हवाई किराए में अंतर के नाम पर अतिरिक्त 10 हजार रुपए की मांग कर रही है। यह तब हो रहा है, जब कुछ महीने पहले ही मुंबई से रवाना होने वाले हर यात्री से 90,844 रुपए वसूले जा चुके हैं। यह आम यात्रियों के लिए मौजूदा दरों से लगभग दोगुना है। उन्होंने लिखा कि क्या हज यात्री हज कमेटी के जरिए जाने की सजा भुगत रहे हैं? यह सरासर शोषण है और कुछ नहीं। ज्यादातर हज यात्री अमीर नहीं होते; वे हज पर जाने के लिए सालों तक पैसे बचाते हैं।ओवैसी ने आगे लिखा कि उनके लिए यह कोई विलासिता नहीं है। इस सर्कुलर को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए, और हज यात्रियों से वसूले गए पैसे उन्हें वापस किए जाने चाहिए। उन्होंने लिखा कि सर किरेन रिजिजू इस सर्कुलर को वापस ले लीजिए; यह उचित नहीं है।बता दें कि हज कमेटी की ओर से 28 अप्रैल को एक पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि हज 2026 के सभी तीर्थयात्रियों को सूचित किया जाता है कि मध्य पूर्व में चल रहे संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हवाई चार्टर संचालन के लिए हवाई किराए में एक बार के संशोधन को मंजूरी दे दी है।हज कमेटी की ओर से कहा गया कि संशोधित हवाई किराए में प्रति तीर्थयात्री 100 यूएसडी की अतिरिक्त राशि शामिल है, चाहे उनका प्रस्थान बिंदु कोई भी हो, जिसका वहन तीर्थयात्रियों को स्वयं करना होगा।

## फातिमा सना शेख ने बिकिनी में दिए पोज, बताया किस बात से हो जाती हैं खुश



फातिमा सना शेख सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही ने एक्ट्रेस ने बिकिनी में अपनी कई फोटोज शेयर की है. जिसपर फैंस प्यार लुटा रहे है. हालांकि एक्ट्रेस कई साल पहले बिकिनी फोटोशूट के लिए ट्रोल हो चुकी है.

फातिमा सना शेख ने इंस्टाग्राम पर बिकिनी में अपनी कई सारी फोटो शेयर की है. तस्वीरों में एक्ट्रेस मरून कलर की बिकिनी पहने बीच के किनारे पोज देती नजर आ रही है. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है. उनका ये ग्लैमरस अवतार देख फैंस दीवाने हो गए हैं. एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, मुझे खुश करना बहुत आसान है. मुझे बस बीच या पहाड़ों पर ले जाओ, और कुछ नहीं चाहिए और हां, बिजली से बेहतर ट्रैवल पार्टनर कोई नहीं है. उनकी ये फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. फोटोज पर फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं. बता दें, फातिमा सना शेख साल 2017 ट्रोलिंग का शिकार हो गई थी. दरअसल, उन्होंने रमजान के महीने में एक मैगजीन के लिए बिकिनी फोटोशूट कराया था, जिसकी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की थी. वहीं, फोटो को डालने के बाद उनपर लोगों ने सवाल उठाना शुरू कर दिया था. सोशल मीडिया यूजर्स का कहना था कि मुस्लिम होने के नाते उन्हें रमजान में ऐसे कपड़े नहीं पहनने चाहिए.

## टॉक्सिक फिर हुई पोस्टपोन, अब 4 जून को रिलीज नहीं होगी यश की फिल्म, ग्लोबल प्लान के साथ जल्द होगा नई डेट का एलान

साउथ सुपरस्टार यश की मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक एक बार फिर पोस्टपोन हो गई है. फिल्म पहले 19 मार्च 2026 को



रिलीज होनी थी, लेकिन इसकी रिलीज डेट को आगे खिसकाकर 4 जून 2026 किया गया था. फिल्म टॉक्सिक को लेकर मेकर्स ने नया पोस्ट जारी किया है. इसमें बताया है कि फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है. अब फिल्म कब रिलीज होगी. मेकर्स इसका बहुत जल्द ऐलान करेंगे. फिल्म टॉक्सिक क्यों पोस्टपोन हुई है, इसका कारण मेकर्स ने एक लंबे चौड़े पोस्ट में बताया है.

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर लिखा है, कुछ फिल्में हम बनाते हैं, और कुछ फिल्में हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ. टॉक्सिक ऐसी ही एक यात्रा रही है. सिनेमाकॉन में अपनी फिल्म का प्रदर्शन करना और वैश्विक स्तर पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हमारे उस विश्वास को और पुख्ता कर दिया है जो हम हमेशा से मानते आए हैं कि यह फिल्म विश्व स्तर पर अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने की हकदार है.

# भूत बंगला के 100 करोड़ी बनने पर खुशी से झूमीं वामिका गब्बी, कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न

*वामिका गब्बी की हॉरर कॉमेडी भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई है. उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और एक न्यू एक्ट्रेस के लिए इससे बड़ी खबर और कोई नहीं हो सकती. अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के इस रीयूनियन प्रोजेक्ट ने अपने दूसरे सोमवार तक यह मील का पत्थर हासिल कर लिया, जिसके बाद वामिका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जाकर एक प्यारा सा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने अपने फैंस और भूत बंगला की टीम को धन्यवाद दिया.*

वामिका ने इंस्टाग्राम पर भूत बंगला के सेट से कास्ट और क्रू के साथ




बीटीएस तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की, और फिल्म की सफलता का जश्न मनाया. इस सीरीज को एक उन्होंने एक प्यारे से नोट के साथ जोड़ा, जिसमें उन्होंने डायरेक्टर, एक्टर समेत पूरी टीम का शुक्रियाअदा किया.

वामिका ने अपनी खुशी की असल वजह बताते हुए नोट की शुरुआत में लिखा है, मेरी पहली 100 करोड़ की फिल्म. प्रियदर्शन, अक्षय कुमार, एकता कपूर और पूरी कास्ट और क्रू की आभारी हूं. यह शब्दों से परे है. इन्होंने इस फिल्म पर भरोसा किया और अपना सब कुछ दे दिया. भूत बंगला जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है.

दर्शकों का शुक्रियाअदा करते हुए एक्ट्रेस ने आगे लिखा है, इसे देखने, इसे महसूस करने, और धीरे-धीरे इसके लिए... और मेरे लिए जगह बनाने के लिए दर्शकों का धन्यवाद. यहां का हर कदम कमाया हुआ, सीखा हुआ और दिल से महसूस किया हुआ है. यह तो बस शुरुआत है. मैं आती रहूंगी, आगे बढ़ती रहूंगी और आपका मनोरंजन करती रहूंगी, हमेशा. भूत बंगला के कलेक्शन के बारे में बात करें तो यह फिल्म 200 करोड़ के करीब पहुंच गई है. मेकर्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, भूत बंगला ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 197.95 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. जल्द ही यह 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी.वामिका ने अपने करियर की शुरुआत टीनएजर के तौर पर इम्तियाज अली की फिल्म जब वी मेट से की थी, जिसमें उन्होंने करीना कपूर की कजिन का किरदार निभाया था. लव आज कल और मौसम जैसी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करने के बाद, उन्हें 2013 में आई फिल्म सिक्सटीन में अपना पहला लीड रोल मिला. इसके बाद उन्होंने पंजाबी, तमिल और मलयालम सिनेमा में अपनी पहचान बनाई. आज वह हिंदी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस बन चुकी हैं.

## आखिरी सवाल के ट्रेलर की रिलीज डेट से हटा पर्दा, आज दिखेगी संजय दत्त की फिल्म की पहली बड़ी झलक




संजय दत्त स्टारर आखिरी सवाल बहुत ही कम समय में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बन गई है और दर्शक इसकी रिलीज का बेसब्री से राह देख रहे हैं. फिल्म की घोषणा के बाद से ही काफी चर्चा थी और फिर मेकर्स ने हनुमान जयंती पर इसका टीजर रिलीज किया, जिसमें दुनिया के सबसे बड़े स्वैच्छिक संगठन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास की ऐसी झलक दिखाई गई जो पहले कभी नहीं देखी गई थी. अब, मेकर्स इसके मच-अवेटेड ट्रेलर के लिए तैयार हैं, जो आज 30 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाला है.

मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर आखिरी सवाल के ट्रेलर लॉन्च का एलान कर दिया है. इसका ट्रेलर आज 30 अप्रैल 2026 को एक ग्रैंड इवेंट में पूरी कास्ट और क्रू की मौजूदगी में लॉन्च किया जाएगा.

आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है. निखिल नंदा द्वारा पेश की गई इस फिल्म को निखिल नंदा और संजय दत्त ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके को-प्रोड्यूसर हैं. फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

आजकल, जहां भारतीय सिनेमा में ज्यादातर मसालेदार और कमर्शियल फिल्में ही बन रही हैं, वहीं निखिल नंदा ने कुछ अलग करने का साहस किया है. आखिरी सवाल के जरिए उन्होंने देश के इतिहास के उन पन्नों को छुआ है, जिन पर कम ही बात होती है. बाबरी मस्जिद का गिरना, महात्मा गांधी की हत्या और इमरजेंसी जैसे मुद्दों को बेबाकी से सामने लाकर निखिल नंदा ने सबको हैरान कर दिया है.मेनस्ट्रीम सिनेमा में इन विषयों पर बहुत कम फिल्में बनी हैं, लेकिन निखिल नंदा के साहस की वजह से ये बातें अब लोगों के सामने आ रही हैं. इससे दर्शकों को देश के अतीत के इन अहम हिस्सों को समझने और उन पर गौर करने का मौका मिलेगा.आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है. निखिल नंदा द्वारा पेश की गई इस फिल्म को निखिल नंदा और संजय दत्त ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके को-प्रोड्यूसर हैं. फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं. यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## 12वें दिन भी चला भूत बंगला का जादू, करोड़ों में हुई कमाई, अब टूटेगा स्त्री का रिकॉर्ड

अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी भूत बंगला भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. रिलीज के दूसरे वीकेंड पर धमाकेदार कमाई करने के बाद अब वीकडेज में भी ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं. वहीं दूसरे मंगलवार को तो इसकी कमाई में तेजी भी देखी गई. चलिए यहां जानते हैं भूत बंगला ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?




अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी भूत बंगला भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. रिलीज के दूसरे वीकेंड पर धमाकेदार कमाई करने के बाद अब वीकडेज में भी ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं. वहीं दूसरे मंगलवार को तो इसकी कमाई में तेजी भी देखी गई. चलिए यहां जानते हैं भूत बंगला ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो भूत बंगला ने दूसरे मंगलवार यानी 12वें दिन 4.35 करोड़ कमाए हैं. वहीं 11वें दिन फिल्म ने 3.65 करोड़, 10वें दिन 12.50 करोड़, 9वें दिन 10.75 करोड़ और 8वें दिन 5.75 करोड़ कमाए थे. फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 84.40 करोड़ रुपये रहा था. इसी के साथ भूत बंगला के 12 दिनों का कुल कलेक्शन अब 121.40 करोड़ रुपये हो गया है. स्त्री को मात देने से इंचभर दूर है भूत बंगला

## केडीः द डेविल को रिलीज से एक दिन पहले राहत, सेंसर बोर्ड ने दिखाई हरी झंडी

ध्रूव सरजा और संजय दत्त की बहुचर्चित फिल्म केडी: द डेविल को लेकर बड़ा अपडेट आया है। फिल्म आज 30 अप्रैल को रिलीज हो रही है और एक दिन पहले केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने हरी झंडी दिखाई है। केवीएन प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए इस बात का ऐलान किया है। दरअसल निर्माताओं को सेंसर बोर्ड से प्रमाणपत्र न मिलने के कारण रुकावट का सामना करना पड़ रहा था। निर्माताओं ने केडी: द डेविल के प्रमाणन का ऐलान करते हुए लिखा, ए सर्टिफाइड। रॉ। बेरहम। असली। केडी: द डेविल रिलीज में बस 1 दिन बाकी। फिल्म को ए प्रमाणपत्र मिला है, जिसका मतलब है कि सिर्फ 18 साल से ज्यादा उम्र के लोग इसे देख सकेंगे। इससे पहले, निर्माताओं को प्रमाणपत्र न मिलने के कारण फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब से हटाना पड़ा था,

## रोजाना 10 मिनट का वर्कआउट रूटीन अपनाएं, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ



आजकल हर किसी के पास खुद के लिए समय नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप अपनी सेहत को नजरअंदाज कर दें। इसके लिए आपको ज्यादा समय देने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो रोजाना 10 मिनट का व्यायाम रूटीन अपनाकर फिट रह सकते हैं। आइए आज हम आपको 10 मिनट में पूरा किया जाने वाला वर्कआउट रूटीन बताते हैं, जिससे आप फिट और स्वस्थ रह सकते हैं।

### स्क्वाट्स

स्क्वाट्स एक बेहतरीन व्यायाम है, जो आपके पैरों और कूल्हों को मजबूत बनाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं, फिर घुटनों को मोड़ते हुए ऐसे बैठें, जैसे कि आप कुर्सी पर बैठने वाले हों। इस स्थिति में आने के बाद धीरे-धीरे नीचे झुकें और फिर वापस ऊपर आएं। ध्यान रखें कि आपके कूल्हे घुटनों से ऊपर हों। इसे 10 मिनट तक लगातार करें। इससे आपके पैरों की मांसपेशियां मजबूत होंगी और संतुलन भी बेहतर होगा।

### पुश-अप्स

पुश-अप्स एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो आपके पूरे शरीर को फिट रखती है। इसे करने के लिए सबसे पहले फर्श पर पेट के बल लेटें, फिर अपने हाथों के बल उठकर अपनी छाती को नीचे लाएं और वापस ऊपर उठाएं। इस दौरान शरीर को सीधा रखें। इसे 10 मिनट तक लगातार करें। पुश-अप्स से आपकी छाती, कंधे, पीठ और हाथों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और आपके शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है।

### प्लैंक

प्लैंक एक बेहतरीन व्यायाम है, जो आपके पेट और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले फर्श पर पेट के बल लेटें, फिर अपने पैरों की उंगलियों और हाथों के पंजों के बल उठकर अपने शरीर को सीधा रखें। इस स्थिति में जितनी देर हो सके उतनी देर टिके रहें। इसे 10 मिनट तक लगातार करें। प्लैंक से आपकी पीठ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है।

### जम्पिंग जैक

जम्पिंग जैक एक ऐसा व्यायाम है, जो आपके दिल की धड़कनें बढ़ाती है और शरीर में ऊर्जा भरती है। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हों, फिर पैरों को खोलते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाएं, इसके बाद हाथों को नीचे लाते हुए पैरों को भी बंद करें। इसे 10 मिनट तक लगातार करें। जम्पिंग जैक से आपका दिल मजबूत होता है और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है।

### लंजेस

लंजेस आपके पैरों और कूल्हों को मजबूत बनाते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े होकर एक पैर को आगे बढ़ाएं और दूसरे पैर को पीछे खींचें, फिर आगे वाले घुटने को मोड़ते हुए नीचे आएं। पीछे वाला पैर पूरा सीधा रहे। इसे दोनों पैरों से बारी-बारी से करें। लंजेस से आपके पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और संतुलन भी बेहतर होता है। इसे 10 मिनट तक लगातार करें।

# दोपहर के समय सोने का है शौक तो जरूर अपनाएं ये 5 तरीके, मिलेगा भरपूर आराम

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नींद बहुत जरूरी है। यह दिन के दौरान होने वाली गतिविधियों को बेहतर तरीके से करने में मदद करती है। इसलिए विशेषज्ञ दिन में 10 से 20 मिनट तक झपकी लेने की सलाह देते हैं। इसे पावर नैप कहा जाता है। यह आपको तरोताजा और ऊर्जावान महसूस कराता है। आइए आज हम आपको पावर नैप लेने के तरीके बताते हैं, जिनसे आपको भरपूर आराम मिलेगा।

### पावर नैप के लिए सही समय चुनें

पावर नैप के लिए सही समय चुनना बहुत जरूरी है। विशेषज्ञ दोपहर 2 से 4 बजे के बीच पावर नैप लेने की सलाह देते हैं। यह समय दोपहर के भोजन के बाद आता है, जब शरीर में ऊर्जा का स्तर थोड़ा कम होता है। इस समय के बीच में पावर नैप लेने से नींद में गहराई और गुणवत्ता बढ़ जाती है, जिससे आप तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करते हैं।

### आरामदायक जगह चुनें

पावर नैप के लिए एक आरामदायक और शांत जगह चुनें। यह जगह ऐसी होनी चाहिए जहां आपको कोई परेशान न करे और शांति हो। एक नरम तकिया और कंबल रखें ताकि आप आराम से सो सकें। लाइट्स कम रखें और शोर को कम करने की कोशिश करें। अगर संभव हो तो आंखों पर पट्टी बांधें ताकि अंधेरा हो जाए और नींद जल्दी आ सके। इस तरह की



व्यवस्था से आपका पावर नैप और भी प्रभावी होगा।

### अलार्म लगाएं

पावर नैप के दौरान अलार्म लगाना बहुत जरूरी है, ताकि आप समय पर उठ सकें। 10 से 20 मिनट की झपकी लेने के बाद अलार्म सेट करें ताकि आप गहरी नींद में न डूब जाएं और समय पर उठ सकें। अलार्म से आपको यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि आपकी झपकी ज्यादा लंबी न हो और आप अपनी दिनचर्या को सही समय पर जारी रख सकें। इससे आपकी ऊर्जा स्तर बना रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

### हल्के भोजन का सेवन करें

पावर नैप लेने से पहले हल्का भोजन करें ताकि आपकी पाचन क्रिया पर ज्यादा दबाव न पड़े। भारी भोजन से नींद में रुकावट आ सकती है और आप आराम से नहीं सो पाएंगे। फल या हल्की स्नैक्स लें, जो आसानी से पच जाएं। इससे आपकी ऊर्जा स्तर बना रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे। भारी भोजन से बचें ताकि आपकी नींद में कोई बाधा न आए और आप भरपूर आराम कर सकें।

### नियमित रूप से पावर नैप लेने की आदत डालें

पावर नैप नियमित रूप से लेने की आदत डालें ताकि यह आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाए। इससे आपका शरीर समय पर झपकी लेने के लिए तैयार रहता है और आपको बेहतर परिणाम मिलते हैं। नियमित पावर नैप लेने से आपकी ऊर्जा स्तर बना रहेगा, मानसिक स्पष्टता बढ़ेगी और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

इस तरह आप अपने दिनचर्या को संतुलित रख पाएंगे और अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे।

## ट्रंप-पुतिन के बीच फोन पर हुई बातचीत, रूसी राष्ट्रपति ने दी बेहद नुकसानदायक नतीजों की चेतावनी

मॉस्को, (ए)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच करीब 90 मिनट से ज्यादा देर तक बातचीत हुई, जिसमें पश्चिम एशिया युद्ध और यूक्रेन को लेकर चर्चा की गई। ट्रंप ने भी एक बयान में कहा कि उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन और ईरान युद्ध को लेकर चर्चा हुई है।



उशाकोव ने कहा कि बातचीत काफी खुली और काम की रही। उन्होंने बताया कि दोनों राष्ट्रपतियों ने ईरान और फारस की खाड़ी से जुड़ी स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा, व्लादिमीर पुतिन ईरान के साथ संघर्ष विराम को बढ़ाने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को सही मानते हैं, क्योंकि इससे बातचीत को एक मौका मिलेगा और कुल मिलाकर स्थिति को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

उशाकोव ने कहा कि पुतिन ने उन अनिवार्य और बेहद नुकसानदेह परिणामों पर भी जोर दिया, जो न केवल ईरान और उसके पड़ोसियों के लिए, बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी होंगे, अगर अमेरिका और इजरायल एक बार फिर सैन्य कार्रवाई का सहारा लेते हैं। उन्होंने कहा कि रूस पश्चिम एशिया युद्ध पर राजनयिक प्रयासों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और बताया कि यह बातचीत मॉस्को की पहल पर हुई थी।

उशाकोव ने कहा, ट्रंप के अनुरोध पर पुतिन ने संपर्क रेखा के साथ मौजूदा स्थिति का वर्णन किया, जहां हमारे सैनिक रणनीतिक बढ़त बनाए हुए हैं और दुश्मन के ठिकानों को पीछे धकेल रहे हैं। दोनों ने वोलोडिमीर जेलेंस्की के नेतृत्व वाले शासन के रवैये के बारे में काफी हद तक एक जैसी राय व्यक्त की; यह शासन, यूरोपीय देशों की शह और समर्थन से, संघर्ष को लंबा खींचने की नीति पर चल रहा है।

ट्रंप ने कहा, हमने यूक्रेन के बारे में ज्यादा बात की, लेकिन वह मदद करना चाहते हैं। मैंने कहा कि मेरी मदद करने से पहले मैं आपकी जंग खत्म करना चाहता हूं। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर वह हमें समझौता हासिल करने में मदद करते हैं, तो वह एनरिचमेंट में शामिल होना चाहेंगे। हम ईरान को परमाणु हथियार नहीं रखने दे सकते। हमने इसके बारे में भी थोड़ी बात की। पुतिन नहीं चाहते कि उनके पास परमाणु हथियार हो।

## अमेरिकी युद्ध मंत्री से पूछा गया डोनाल्ड ट्रंप की मानसिक स्थिति पर सवाल, मिला ये जवाब

वाशिंगटन (ए)। अमेरिका में कांग्रेस की सुनवाई के दौरान अजीबोगरीब वाकया सामने आया, जब युद्ध सचिव (रक्षा सचिव) पीट हेगसेथ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मानसिक सेहत से जुड़ा सवाल पूछ लिया गया। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के समक्ष हेगसेथ की उपस्थिति के दौरान कैलिफोर्निया की डेमोक्रेट सांसद सारा जैकब्स ने ट्रंप का यीशू मसीह वाला मीम दिखाकर उनकी मानसिक स्थिरता के बारे में पूछा था। सवाल के बाद हेगसेथ काफी नाराज हो गए और सवाल टालने की कोशिश की।

जैकब्स ने एक्स पर सुनवाई का एक वीडियो साझा कर लिखा, मैंने आज सेक्रेटरी हेगसेथ से एक सीधा-सादा, हां या ना वाला सवाल पूछा- क्या डोनाल्ड ट्रंप कमांडर इन चीफ बनने के लिए दिमागी तौर पर काफी स्थिर हैं? उन्होंने हां नहीं कहा। और यह बहुत कुछ कहता है। इस दौरान हेगसेथ ने सवालों को टालते हुए कहा कि वह ट्रंप के खिलाफ हो रही अपमानजनक टिप्पणियों पर बात नहीं करेंगे।

जैकब्स ने पूछा, मुझे अपने राष्ट्रपति के बारे में यह सवाल पूछना भी दुखद लगता है, लेकिन मेरे निर्वाचन क्षेत्र के पूछ रहे हैं। क्या आपको लगता है कि राष्ट्रपति कमांडर-इन-चीफ के लिए मानसिक रूप से स्थिर हैं? हेगसेथ ने जवाब दिया, क्या आपने यही सवाल जो बाइडेन से 4 साल तक पूछा था? जैकब्स ने कहा, बाइडेन राष्ट्रपति नहीं हैं। तब हेगसेथ बोले, आपकी अपमानजनक टिप्पणी पर मैं ध्यान नहीं दूंगा। ट्रंप पीढ़ियों में हमारे सबसे तेज-दूरदर्शी कमांडर-इन-चीफ हैं।

जैकब्स ने आगे ट्रंप की खुद को यीशू मसीह दिखाने वाली पोस्ट को दिखाते हुए पूछा, मैं अपने मतदाताओं को इस पोस्ट के बारे में कैसे समझाऊं। मैं यहूदी हूं, इसलिए मुझे कोई खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन मेरी समझ से यह कई ईसाइयों के लिए काफी आपत्तिजनक है। तो आप इस पोस्ट की व्याख्या कैसे करेंगे? हेगसेथ बोले, मैं यहां इस पोस्ट को समझाने नहीं आया हूं।

# कोहिनूर को लेकर न्यूयार्क के मेयर का बड़ा बयान, भारत को लेकर कह डाली ये बात

न्यूयॉर्क (ए)। उपनिवेश-विरोधी बयानों से सुर्खियों में रहने वाले न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि अगर ब्रिटेन के किंग चार्ल्स उनसे मिलते, तो वे उनसे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने के लिए कहते। उन्होंने कहा कि कोहिनूर हीरा ब्रिटिश शासन द्वारा भारत से की गई लूट का प्रतीक बन चुका है।ममदानी के इस बयान को उपनिवेशवाद के इतिहास और उससे जुड़े मुद्दों पर एक स्पष्ट रुख के रूप में देखा जा रहा है। ममदानी बुधवार (स्थानीय समय) को 9/11 हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान किंग चार्ल्स III से मिले। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दोनों को संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा गया, जिसमें किंग चार्ल्स मुस्कुराते नजर आए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि दोनों के बीच क्या बातचीत हुई और किंग चार्ल्स के हावभाव से यह भी नहीं लगा कि कोई गंभीर मुद्दा उठाया गया। यह मुलाकात भीड़भाड़ वाले माहौल में अन्य विशिष्ट लोगों के बीच हुई।इस मुलाकात से पहले न्यूयॉर्क सिटी के मेयर ने कहा था कि अगर उन्हें अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे किंग चार्ल्स से कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने का आग्रह करेंगे। चार्ल्स अमेरिका के चार दिन के दौरे पर हैं। अमेरिका अपनी आजादी की 250वीं सालगिरह मनाने की तैयारी में है। यह आजादी अमेरिका ने एक समय जॉर्ज तृतीय के शासन से जुड़ी ताकतों को खूनी क्रांति के जरिए हटाकर हासिल की थी। किंग चार्ल्स 9/11 मेमोरियल पर फूल चढ़ाने, बिजनेस लीडर्स से



मिलने और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क गए। उपनिवेशवाद के प्रभावों पर व्यापक लेखन करने वाले प्रोफेसर महमूद ममदानी के बेटे जोहरान ममदानी ने ब्रिटेन के राजा के दौरे को लेकर खास उत्साह नहीं दिखाया और संकेत दिया कि वे अपनी बातचीत को केवल औपचारिकताओं तक ही सीमित रखेंगे।पूर्व मेयर माइकल ब्लूमबर्ग ने किंग चार्ल्स III और उनकी पत्नी क्वीन कैमिला को स्मारक स्थल तक ले जाकर फूल अर्पित कराए, न कि ममदानी ने। 106 कैरेट का कोहिनूर अब किंग चार्ल्स की दादी के ताज पर जड़ा है और टावर ऑफ लंदन में है। दुनिया के सबसे बड़े हीरों में से एक कोहिनूर को 1949 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने दूसरे एंग्लो-सिख युद्ध के बाद 11 साल के महाराज दलीप सिंह से जब्त कर लिया था। ब्रिटेन का दावा है कि यह हीरा कानूनी तौर पर इसलिए मिला क्योंकि एक 11 साल के बच्चे ने उन्हें यह दिया था। भारत की आजादी के बाद से ही देश इस हीरे को वापस करने की मांग कर रहा है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने देश के दावे को संक्षेप में कहा, भारत के लिए, यह उन कलाकृतियों और सांस्कृतिक खजानों का प्रतीक है जिन्हें साम्राज्य की ट्रॉफी के रूप में ब्रिटेन ले जाया गया था। यह हीरा आंध्र प्रदेश के वारंगल इलाके में माइनिंग से निकाला गया था और इसे बिना तराशे ब्रिटेन ले जाया गया, जहां इसमें 66 हिस्से काटे गए, जिससे यह बहुत चमकीला हो गया। यह आंध्र प्रदेश के गुंटूर इलाके में कोल्लूर माइंस में मिला था। पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने भी इसे वापस करने की मांग की है। हालांकि ममदानी ने यह नहीं बताया कि इसे किस देश को वापस किया जाना चाहिए।

## ओपनएआई की फाउंडेशन में मदद करना अब पागलपन लगता है, मैं बेवकूफ था

**अब माइक्रोसॉफ्ट से 150 अरब डॉलर से ज्यादा के हर्जाने की मांग कर रहे मस्क**

वाशिंगटन,(ए.)। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क ने अमेरिका की कोर्ट में कहा है कि चैटजीपीटी मेकर ओपनएआई की फाउंडेशन में मदद करना अब उनको पागलपन लगता है। ओपनएआई में हाई स्टेक्स को लेकर कानूनी लड़ाई जारी है और बुधवार को मस्क ने गवाही दी।



मस्क का आरोप है कि उनको यह भरोसा दिलाया गया था कि यह संस्था एक नॉन प्रॉफिट संगठन बनी रहेगी फिर यह आगे चलकर अपने मिशन से मुकर गई। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक मुनाफा कमाने वाली टेक कंपनी बन चुकी है।

टेस्ला के सीईओ का ओपनएआई के को-फाउंडर के साथ तीन साल तक विवाद जारी रहा, जिसके बाद उन्होंने स्टार्टअप छोड़ने का ऐलान किया। उन्होंने बताया है कि तब तक चैटजीपीटी के सार्वजनिक लॉन्च हो चुका था और ओपनएआई का कमर्शियल तौर पर बड़ी सफलता दिला दी थी। कोर्ट केस की मदद से एलॉन मस्क एक बड़ी रकम बतौर जुर्माने की मांग कर रहे हैं। केस से वे ओपनएआई और माइक्रोसॉफ्ट से 150 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा के हर्जाने की मांग कर रहे हैं। कोर्ट केस के दौरान ओपनएआई के चीफ वकील विलियम साविट ने बताया है कि मस्क ने यह केस इसलिए फाइल किया है क्योंकि कंपनी ने उनकी बात नहीं मानी। वकील ने कहा कि ओपनएआई अभी भी अपने मूल सिद्धांतों पर कायम है।रिपोर्ट के मुताबिक यह केस अगर मस्क जीत जाते हैं तो चैटजीपीटी मेकर के राइवल्स को फायदा होगा। अगर हार जाते हैं तो ओपनएआई 730 अरब डॉलर वैल्यू के साथ आगे बढ़ती रहेगी। मस्क ने कोर्ट में कहा है कि सैम ऑल्टमैन और ग्रेग ब्रॉकमेन ने उनको शुरुआत में भरोसा दिलाया था कि ओपनएआई एक नॉन प्रॉफिट कंपनी रहेगी फिर उन्होंने आगे कहा कि वह मूर्ख थे जिसने उन्हें एक स्टार्टअप बनाने के लिए मुफ्त फंडिंग दी। उन्होंने बताया है कि उन्होंने करीब 38 मिलियन डॉलर की करीब मुफ्त फंडिंग दी, जिसके बाद अब करीब 800 अरब डॉलर वैल्यू वाली कंपनी बन चुकी है।

# वियतनाम के राष्ट्रपति लाम आ रहे भारत, ब्रह्मोस मिसाइल हो सकती है डील

### -राष्ट्रपति-पीएम मोदी से क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर करेंगे व्यापक चर्चा



नई दिल्ली,(ए)। वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम 5 से 7 मई के बीच भारत आ रहे हैं। वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा का असली मकसद सैन्य साझेदारी बढ़ाना है। उनकी इस यात्रा पर भारत और वियतनाम के बीच 5,800 करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल डील हो सकती है। बता दें रूस और वियतनाम की दोस्ती बहुत गहरी है। दोनों देशों के बीच संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा हासिल है।

वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव लाम के साथ एक हाई लेवल प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें वियतनाम सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रपति के साथ एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। अप्रैल में वियतनाम के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद लाम की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक 6 मई को राष्ट्रपति भवन में लाम का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। पीएम मोदी, राष्ट्रपति तो लाम के साथ द्विपक्षीय संबंधों के अलग-अलग पहलुओं के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लाम से मुलाकात करेंगी। उम्मीद है कि भारत के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी लाम से मिलेंगे। भारत यात्रा के दौरान वे बोधगया और मुंबई भी जाएंगे।

## ईरान ने अमेरिकी नाकाबंदी को विफल बताया, कहा- अब तेल की कीमतें 140 डॉलर तक पहुंचेगी

तेहरान,(ए)।। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने तेल की बढ़ती कीमतों और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाकाबंदी को लेकर मजाक उड़ाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट समेत अमेरिकी अधिकारियों को भी निशाने पर लिया और उनको नाकाबंदी के सिद्धांत को बढ़ावा देने वाली बेकार सलाह देने वाला बताया। गालिबाफ ने कहा कि नाकाबंदी से तेल की कीमतें बढ़ गई हैं और आगे यह 140 डॉलर (करीब 13,344 रुपये) प्रति बैलर तक पहुंच जाएगा। गालिबाफ ने राष्ट्रपति ट्रंप की तेल के कुओं पर दबाव पड़ने वाली टिप्पणी का मजाक बनाते हुए एक्स पर लिखा, 3 दिन बीत चुके हैं, लेकिन कोई भी कुआं फटा नहीं है। हम इसे 30 दिनों तक बढ़ा सकते हैं और यहां से उस कुएं का लाइवस्ट्रीम कर सकते हैं। उन्होंने आगे लिखा कि यह उसी तरह की बेकार सलाह थी जो अमेरिकी प्रशासन को बेसेंट जैसे लोगों से मिलती है।गालिबाफ ने बेसेंट जैसे अमेरिकी सलाहकारों को निशाने पर लेते हुए लिखा कि ये लोग नाकाबंदी के सिद्धांत को भी बढ़ावा देते हैं और तेल की कीमतों को 120 डॉलर (करीब 11,430 रुपये) प्रति बैलर तक पहुंचा चुके हैं। उन्होंने आगे लिखा कि अगला पड़ाव- 140 डॉलर प्रति बैरल है। असली मुद्दा सिद्धांत नहीं, बल्कि मानसिकता है।

# खेल समाचार

# आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा ब्लंडर, हार्दिक की कप्तानी पर लगा सवालिया निशान

मुंबई,(ए.)। आईपीएल की सबसे सफल टीम, मुंबई इंडियंस, अपनी रणनीति के लिए जानी जाती है. इसलिए उनके नाम अभी तक पांच आईपीएल ट्रॉफियां हैं. हालांकि, आईपीएल 2026 मुंबई इंडियंस के लिए अब तक अच्छा नहीं रहा है. वो 8 मैच में से केवल दो मैच जीतकर अंक तालिका में 9वें स्थान पर हैं. अगर ये टीम ऐसा ही प्रदर्शन करती रही तो यह IPL के इतिहास में मुंबई इंडियंस के लिए सबसे खराब सीजन साबित हो सकता है।

बुधवार, 29 अप्रैल को मुंबई इंडियंस लीग चरण के अपने आठवें मैच के लिए मैदान पर उतरी. जहां उसे सनराइजर्स हैदराबाद से करारी हार का सामना करना पड़ा. मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. लेकिन हैदराबाद ने उस लक्ष्य को 8 गेंद शेष रहते ही सफलतापूर्वक हासिल कर लिया।



मैच में हैरानी की बात यह रही कि मुंबई ने जिस खिलाड़ी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतारा, उसका इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं किया. जिसकी वजह से मुंबई इंडियन की सोच और हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठने लगे।

दरअसल, इस मैच में मुंबई इंडियंस ने पांच खिलाड़ी - मयंक रावत, रघु शर्मा, शार्दुल ठाकुर, कृष भगत और राज बावा - को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट के तौर पर नामांकित किया था. जब मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की तो उन्हें किसी इम्पैक्ट प्लेयर की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि उनके टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने ही टीम के स्कोर को 243 तक पहुंचा दिया. लेकिन जबकि उनकी गेंदबाजी का समय आया तो एमआई ने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को आठवें ओवर की शुरुआत में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान मे उतार यि.उन्होंने रॉबिन मिंज की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया गया. उस समय सनराइजर्स हैदराबाद ने बिना कोई विकेट खोए 126 रन बना लिए थे. इसलिए उम्मीद थी कि कप्तान हार्दिक पांड्या जल्द ही अपने इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करेंगे, लेकिन शार्दुल ठाकुर को मैच खत्म होने तक एक भी गेंद फेंक का मौका नहीं मिला, जिसके साथ आईपीएल इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बन गया.आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी टीम ने इम्पैक्ट प्लेयर को मैदान में तो उतारा लेकिन उनका इस्तेमाल नहीं किया. इस तरह, शार्दुल ठाकुर पहले ऐसे इम्पैक्ट प्लेयर बन गए, जिन्होंने न तो गेंदबाजी की और न ही बल्लेबाजी.

यह ध्यान देने वाली बात है कि आईपीएल मैचों में इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट की भूमिका बेहद अहम होती है. ऐसे खिलाड़ी अक्सर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में उपलब्ध होने के बावजूद हार्दिक पांड्या ने इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट का इस्तेमाल क्यों नहीं किया? क्या ये मुंबई इंडियंस की रणनीतिक चूक थी या फिर कप्तान हार्दिक की सेन्सलेस कप्तानी।

## 167 गेंद में 400 रन! वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल में नया कीर्तिमान, जो कोहली 19 सीजन में नहीं कर सके वो वैभव ने अपने दूसरे सीजन में कर दिया



नईदिल्ली, (ए.) । इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का नाम गूंज रहा है. 14 साल की उम्र में पिछले साल राजस्थान रॉयल्स की तरफ से आईपीएल में डेब्यू कर इतिहास रचने वाले वैभव इस साल भी आईपीएल में धूम मचा रहे हैं. वो इस सीजन भी राजस्थान के लिए शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं. अब तक खेले गए 9 मैच में वैभव 400 रन बनाकर ऑरेंज कैप होल्डर बने हुए हैं. इस दौरान उन्होंने तीन बार 15 बॉल में अपनी फिफ्टी भी पूरी की जो की आईपीएल में रिकॉर्ड है।

वैभव ने अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ भी शानदार बल्लेबाजी की, और न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए युवा सनसनी वैभव ने सिर्फ 16 गेंदों में 43 रन बना दिए, जिसमें तीन चौके और पांच छक्के शामिल थे. अपनी इस पारी के दौरान, सूर्यवंशी ने इस सीजन सिर्फ 167 गेंदों में 400 रन पूरे कर लिए. उन्होंने यह उपलब्धि 238.09 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से हासिल की, जो IPL के किसी भी सीजन में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज गति से बनाए गए 400 रन हैं।

इस सीजन वैभव ने अपने बल्ले से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल गेंदबाजों को चौंकाया है. बड़े से बड़े गेंदबाज को वैभव ने बाउंड्री जड़कर अपनी पारी की शुरुआत की. जिसमें जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ड, जो हेजलवुड, पैट कमिंस और मार्को जान्सन के नाम शामिल हैं. अब तक 15 वर्षीय युवा ने 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दो फिफ्टी और एक शतक के साथ 239 की स्ट्राइक रेट से 400 रन बना चुके हैं.इस सीजन रन बनाने के मामले में कई खिलाड़ियों के बीच होड़ लगी हुई है. कभी अभिषेक शर्मा सबसे आगे निकल जाते हैं तो कभी विराट कोहली ऑरेंज कैप होल्डर बन जाते हैं. क्योंकि बल्लेबाजों के बीच रनों का फासला ज्यादा नहीं है।

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

जयपुर (ए.)। राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को आईपीएल के 43 वें मैच में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो रॉयल्य जीत की प्रबल दावेदार है। उसने अब तक 6 मैच जीते हैं और 12 अंक लेकर वह तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी और पक्की करना रहेगा। पिछले मैच में उसने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने जोरदार वापसी की है। कप्तान रियान पराग की राजस्थान के पास वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल जैसे बल्लेबाज, वहीं जोफ्रा आर्चर जैसे तेज गेंदबाज और स्पिनर के तौर पर रविन्द्र जडेजा हैं।

वहीं दूसरी और अक्षर पटेल की कप्तानी में उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक केवल 3 मैच जीते हैं और उसके 6 अंक हैं इससे वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पिछले मैच में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ केवल 75 रन पर ही सिमट गयी थी। जिससे उसके बल्लेबाज इस मैच में भी दबाव में होंगे। उसकी ओर से अब तक केवल केएल राहुल ही बड़ी पारियों खेल पाये हैं। वहीं अन्य बल्लेबाजों डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है।

उसके लिए राहत की बात केवल इतनी सी है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क फिट हो गये हैं और वह वापसी के लिए तैयार हैं। स्टार्क अगर खेलते हैं तो दिल्ली की गेंदबाजी मजबूत होगी। इसके अलावा वह लुंगी एनगिडी एंटीगिटी के नहीं खेलने से होने वाली




कमी भी भर देंगे। एंटीगिटी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेलेंगे।आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो टीमों के बीच 29 मैच हुए हैं इसमें से राजस्थान ने 15 जबकि दिल्ली ने 14 जीते हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

राजस्थान रॉयल्स: रियान पराग (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह, ब्रिजेश शर्मा, शुभम दुबे, ।

दिल्ली कैपिटल्स: अक्षर पटेल (कप्तान), लोकेश राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, आकिब डार, नितीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव और मिचेल स्टार्क।

## आईपीएल में अभी किसी टीम को प्रबल दावेदार नहीं बता सकते : गांगुली



कोलकाता (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है आईपीएल में सभी टीमें अच्छा खेल रही हैं और ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता है कि कौन सी टीम जीतेगी । पंजाब किंग्स अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए काफी अच्छा कर रही है। इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी उसे कड़ी टक्कर दे रही हैं। अन्य टीमों भी उलटफेर कर रही हैं। कुल मिलाकर टूर्नामेंट अभी संतुलित हाल में है और कोई भी टीम आगे जा सकती है। इसलिए ये नहीं कहा जा सकता है ये टीम खिताब की प्रबल दावेदार है।

गांगुली के अनुसार अभी करीब आधे मुकाबल बचे हुए है और ऐसे में ये टूर्नामेंट किसी भी दिशा में जा सकता है। कुल मिलाकर देखा जाये तो अभी कोई भी टीम ऊपर आ सकती है क्योंकि इस बार काफी अच्छी प्रतिस्पर्धा हो रही है। । अंक तालिका में भी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है। पंजाब किग्स अभी पहले स्थान पर चल रही है। वहीं दूसरे पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है और तीसरे पर राजस्थान रॉयल्स वह चौथे पर सनराइजर्स हैदराबाद है। गुजरात टाइटन्स पांचवें स्थान पर है।

## रियान पराग पर बीसीसीआई ने की कार्रवाई, ड्रेसिंग रूम में की थी ये हरकत

नईदिल्ली, (ए.)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। हाल ही में एक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान पराग ड्रेसिंग रूम में कैमरे पर इलेक्ट्रिक सिगरेट पीते हुए पकड़े गए थे। जिसे खेल की छवि खराब करने वाला माना गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पराग को नोटिस जारी करते हुए उन पर प्लेयर कोड ऑफ कंडक्ट के अनुच्छेद 2.1 के तहत लेवल-1 का दोषी लगाया।

## आईपीएल 2026: ट्रेविस हेड ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरा अर्धशतक लगाया, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेविस हेड ने मुंबई इंडियंस के विरुद्ध 76 रन की बेहतरीन पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 9वां अर्धशतक साबित हुआ। इस बीच उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी की। यह मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनके बल्ले से निकलने वाला दूसरा अर्धशतक रहा। आइए उनकी बल्लेबाजी के बारे में जानते हैं। हेड को 2 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर पहला जीवनदान मिला। पारी का तीसरा ओवर करने आए ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर नमन धीर ने हेड का कैच छोड़ा। इसके बाद हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 30 गेंदों में 4 चौकों और 8 छक्कों की बदौलत 76 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अभिषेक (45) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। हेड ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला मुंबई इंडियंस के खिलाफ साल 2016 में खेला था। वह अब तक 47 मुकाबलों की 46 पारियों में लगभग 34 की औसत से 1,400 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 9 अर्धशतक के अलावा 1 शतक भी निकला है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 102 रन रहा है। उन्होंने 6 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट भी अपने नाम किए हैं।

## हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा रन चेज करके मुंबई को हराया

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 244 रनों के मुश्किल लक्ष्य को 8 गेंद और 6 विकेट शेष रहते हुए ही चेज कर लिया. इसके साथ ये आईपीएल के इतिहास का चौथा सबसे बड़ा सफल चेज बन गया. जबकि हैदराबाद का दूसरा सबसे बड़ा सफल चेज है. ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन के जबरदस्त प्रदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 244 रनों के विशाल लक्ष्य को आसान बना दिया और 18.4 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस जीत की नींव पहले हेड और अभिषेक ने रखी. दोनों ने पहले विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी की. हेड ने 30 गेंद में 76 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 8 छक्के शामिल थे, जबकि अभिषेक ने 24 गेंद में 45 रन बनाए, और उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए.इन दोनों के अलावा हेनरिक क्लासेन ने 30 गेंद में 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 65 रनों की पारी खेली, सलील अरोड़ा ने 10 गेंद में 30 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी. क्लासेन को उनकी शानदार बल्लेबाजी की वजह से प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया.इससे पहले, मुंबई ने 243/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसमें रयान रिकेल्टन के शानदार शतक और जैक्स के साथ तेज शुरुआत का अहम योगदान रहा. जैक्स ने 22 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे. वहीं रिकेल्टन ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 44 गेंदों में शतक पूरा किया, जो मुंबई इंडियंस के किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे तेज शतक है. रिकेल्टन अंत तक क्रीज पर डटे रहे और 55 गेंद में 10 चौके और 8 छक्के की मदद से 123 रन बनाए. इसके अलावा हार्दिक ने 15 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली।

# नागरिकों के साथ नपा में भाजपा के पार्षद पतियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

## नपा कार्यालय पहुंच कर फोडे गए मटके, पानी की समस्या या कोई दूसरा मामला



नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका कार्यालय में गुरूवार को वार्ड 13-14 के नागरिकों के साथ भाजपा के पूर्व पार्षद व वर्तमान में पार्षद पतियों के द्वारा नपा कार्यालय गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस बात को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। पार्षद पति पांडेय एवं भंडारी के द्वारा वार्ड के नागरिकों के साथ पानी की समस्या को लेकर जो प्रदर्शन किया गया। उसको लेकर नगर पालिका नगर तथा भाजपा कार्यालय के पास पूरे दिन खासी चर्चा होती रही। वैसे सही मायने में जल प्रदाय की पाइप लाइन में हुई टूट फूट के चलते बीते दो दिनों से शहर के अधिकांश वार्डों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। ऐसी परिस्थिति बनने पर नगर पालिका के द्वारा समस्याग्रस्त वार्डों में पानी के टेंकर भी पहुंचाए गए। अधिकांश क्षेत्रों में पानी पहुंच भी गया लेकिन पूर्व के दो पार्षद जिनकी पत्नी वर्तमान में पार्षद हैं। उनके वार्ड के नागरिक पानी की समस्याओं को लेकर नगर पालिका पहुंचे और प्रदर्शन किया। खाली मटके लेकर पहुंचे। दरबाजे के सामने मटके फोड़े गए तथा डोलक मंजीरे बजाते हुए प्रदर्शन किया। नागरिकों ने नपा से शुद्ध पेयजल, स्वच्छता और अधूरे निर्माण कार्य पूरे कराने की मांग की है।

### भाजपा की परिषद के जवाबदार

नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में भाजपा के पार्षद हैं। पानी की समस्या तो अनेक वार्डों में हो रही है। लेकिन सिर्फ दो वार्ड के पूर्व पार्षद ही ज्यादा सक्रिय नजर आने पर लोग यह भी कह रहे थे कि सही में पूर्व पार्षद पानी की समस्या से इतने सक्रिय हुए या कोई अन्य मामला है। यह भी सच है कि इन दोनों भाजपा के पूर्व पार्षदों के वार्ड में नगर पालिका के द्वारा बहुत कार्य हुए हैं। ये लोग नपा में ज्यादा सक्रिय नजर आते रहे हैं। खासकर लेखा कक्ष में इनको अनेक बार देखा गया है। इनके कहने से नपाध्यक्ष के द्वारा प्राथमिकता से कई कार्य कराए गए हैं। फिर भी इतनी अधिक नाराजगी की जोरदार प्रर्शन करने पर उतारू हो गए। लोगों का ऐसा मानना है कि जरूर मामला कुछ और है। हो सकता है जो कुछ दिन में सामने आ जाए।

## कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की त्वरित कार्यवाही

*नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में सुशासन एवं नागरिक सेवाओं को प्रभावी बनाने हेतु जिला प्रशासन निरंतर सक्रिय है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। दूरभाष के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर भी समान प्राथमिकता के साथ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सिवनी मालवा तहसील अंतर्गत ग्राम चापड़ाग्रहण के निवासियों द्वारा शासकीय स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत कलेक्टर मिश्रा को प्राप्त हुई।*

## जनसुनवाई में मिली शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

### शिकायत प्राप्त होने के अगले ही दिन अतिक्रमण हटाकर मार्ग कराया सुचारु

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को त्वरित राहत मिल रही है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत के निराकरण हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि तय समय-सीमा में प्रत्येक शिकायत का निराकरण एवं जवाब दर्ज करना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान सोहागपुर निवासी शिकायतकर्ता भगवान दास डोंगरे द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई कि गौतम वार्ड, सोहागपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए गत दिवस राजस्व विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया गया।

# नाव डोंगे और मोटर वोट में रखनी होगी सावधानी

### पूर्व में हो चुके हैं बढ़े हादसे, पुरानी नावों की होना चाहिए जांच

नर्मदापुरम।मुख्यालय पर दो नाव घाट हैं जहां पर नाव ढोंगे चलते हैं। नर्मदा जी के उस पार से बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है। यहां पर ग्वालटोली है। जिनमें रहने वाले ग्वाल समाज के लोगों के रिश्तेदार नर्मदा जी के उस पार बड़ी संख्या में रहते हैं इसलिए यहां से वहां जाने और वहां से यहां आने वालों का सिलसिला जारी रहता है। दूध दही तथा लकड़ी कंडे, सब्जी सहित अन्य व्यवसाय करने वालों का आना जाना नावों के द्वारा होता है। जबलपुर में हुए नाव हादसे से सबक लेने की जरूरत है। पूर्व में यहां पर भी एक साथ दो नाव के डूबने से कई लोगों की मौत हो गई थी। उसके बाद से सोमवती पर नाव प्रतिबंधित कर दी गई थी। घटना पुरानी होने से लोग भूल जाते हैं प्रशासन भी याद नहीं रखता है। इसलिए नाव डोंगे मोटर बोट की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत है।



### अब कम बनती हैं नाव, पुरानी से लेना पड़ता है काम

नाव बनाने का कार्य काफी खर्चिला होता है। इसी प्रकार डोंगे व मोटर बोट का संचालन भी महंगा सौदा हो चुका है।इसी कारण अब नाव कम ही बनती है। पुरानी नावों में ही सुधार करवाकर काम चलाया जाता है। जिनकी देखरेख करना आवश्यक है।

## कलेक्टर कार्यालय के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत

*नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक भू अभिलेख शाखा के तीन कर्मचारी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत एवं कलेक्टर कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों को शाल श्रीफल भेंट कर उन्हें भाव भीनी विदाई दी। अपर कलेक्टर श्री रावत ने सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की। अधीक्षक भू अभिलेख शाखा के प्रभारी अधीक्षकउमेश भार्गव अपनी 35 वर्ष 6 माह एक दिन की शासकीय सेवा पूरी कर सेवानिवृत हुए। कबड्डी के खेल के उत्कृष्ट खिलाड़ी होने के कारण उनकी राजस्व निरीक्षक के पद पर पद स्थापना हुई थी। वही राजस्व निरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार युवने ने 30 वर्ष 22 दिन की अपनी शासकीय सेवा पूर्ण कर स्वेछिक सेवानिवृत्ति ली। श्री युवने की सर्व प्रथम पटवारी के पद पर नियुक्ति हुई थी इस दौरान उन्होंने सोहागपुर सहित अन्य जगहों पर अपनी सेवाएं दी।*

## श्रम दिवस पर रसूलिया सीवरेज प्लाटं में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर श्रम दिवस के अवसर पर गुरूवार को रसूलिया स्थित सीवरेज प्लांट में निर्माण श्रमिकों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमति तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में श्रम विभाग के संयुक्त समन्वय से संपन्न हुआ।शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह ने श्रमिकों को संवैधानिक अधिकार, समान मजदूरी, ई-श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम और कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। श्रमिकों को सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई।श्रम निरीक्षक श्रीमति ज्योति अय्यर ने श्रम अधिनियम 1948, मजदूरी संदाय अधिनियम 1936 और समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के प्रमुख प्रावधान समझाए।

## नर्मदापुरम में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव की तैयारी, अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 2 मई 2026 को जिले में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव जिला परियोजना एवं केंद्र स्तर पर मनाया जाएगा।इसी क्रम में गुरूवार को कार्यालय कलेक्टर परिसर स्थित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका के उन्नयन और रखरखाव के लिए विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नगर पालिका नर्मदापुरम के सहयोग से वाटिका में साफ सफाई की। टीम ने वाटिका परिसर की झाड़ियों की छंटाई, कचरा निपटान और पौधों की देखरेख का कार्य किया। श्रमदान में जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, परियोजना अधिकारी शहरी श्रीमती प्रीति यादव, परियोजना अधिकारी ग्रामीण प्रमोद गौर सहित जिला एवं परियोजना कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com